वर्ष-31, अंक- 300, पृष्ठ-16 | भाद्रपद कृष्णा पक्ष 09, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
17 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



अंतिम जोहार दिशोम गुरु

## राहुल दुबे गिरोह के सात अंतरराज्यीय अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ (लातेहार)।** राहुल दुबे गिरोह के सात अंतरराज्यीय अपराधियों को हथियार के साथ दबोचने में बालूमाथ पुलिस सफल हुई है। शनिवार को बालूमाथ थाना में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बालूमाथ थाना के मगध कोलियरी, बारियातू थाना के फुलबसिया साईडिंग एवं चंदवा थाना के टोरी साईडिंग में हुए आगजनी एवं गोलिबारी की घटना के अभियुक्त एव राहुल दुबे गिरोह के सदस्य शामिल थे। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक लातेहार की गुप्त सूचना मिली थी कि आठ से दस की संख्या में चमातु बाइपास सड़क के किनारे जंगल में कुछ हथियारबंद लोग किसी घटना को अंजाम देने लिए इक्कट्ठा हुए हैं। पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल द्वारा सात अपराधकर्मी को हथियार के साथ पकड़ लिया गया। जिनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि 18 जुलाई को बालूमाथ थाना अंतर्गत मगध कोलियरी, 9 जुलाई को चंदवा थाना अंतर्गत टोरी साईडिंग एवं 05 जुलाई को बारियातू थाना अंतर्गत फूलबसिया साईडिंग में राहुल दुबे गिरोह के सदस्यों के द्वारा आगजनी एवं फायरींग की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया गया। घटना में प्रयुक्त हथियार 7.65 एमएम पिस्तौल, 7.62एमएम पिस्तौल एवं गोली को इनके पास से बरामद किया गया। **शेष पेज 11 पर...**

### एक दिन का राजकीय शोक

## रामदास सोरेन का दिल्ली में निधन जमशेदपुर में पंचतत्व में विलीन

**नवीन मेल डेस्क**



- घोड़ाबांधा के श्मशान घाट में बड़े पुत्र सोमेश सोरेन ने दी मुखाग्नि
- राजकीय सम्मान के साथ किया गया शिक्षा मंत्री का अंतिम संस्कार

**रांची/नई दिल्ली।** राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा, साक्षरता एवं निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन का शुक्रवार की रात दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से पूरे झारखंड में शोक की लहर है। मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर राज्य सरकार ने एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। 16 अगस्त (शनिवार) को राजकीय शोक के रूप में घोषित किया गया है। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ शनिवार की शाम साढ़े पांच बजे जमशेदपुर के घोड़ाबांधा के श्मशान घाट पर किया गया। **शेष पेज 11 पर...**

## सेफ्टी टैंक में सेटरिंग खोलने के दौरान चार की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय से सटे नवादा गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें तीन सगे भाई समेत चार लोगों की जान चली गई। यह हादसा सेफ्टी टैंक का सेटरिंग खोलने के दौरान हुआ। जब एक-एक कर चार लोग टैंक में उतरे और दम घुटने से उनकी मौत सेफ्टी टैंक मे ही हो गई। इस घटना ने पूरे इलाके को शोक और सन्नाटे में डाल दिया है। मृतकों की पहचान नवादा गांव निवासी मोती चौधरी के तीन पुत्र—अजय चौधरी (50 वर्ष), चंद्रशेखर चौधरी (42 वर्ष), राजू शेखर चौधरी (55 वर्ष) और गांव के ही महेश राम के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजू शेखर चौधरी के घर का निर्माण कार्य चल रहा था, जिसमें नया सेफ्टी टैंक बनाया गया था। शुक्रवार को टैंक का सेटरिंग खोलने का कार्य चल रहा था। इस दौरान सबसे पहले महेश राम टैंक में उतरा, लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं आया। यह देख राजू शेखर चौधरी उसे देखने के लिए नीचे गए, लेकिन वह भी बाहर नहीं लौटे। इसके बाद चिंता में अजय चौधरी और फिर चंद्रशेखर चौधरी भी एक-एक कर टैंक में उतरे, लेकिन चारों ही अंदर फंस गए। और चारो लोगों की मौत हो गयी। वहीं गांव के ही ग्रामीण के द्वारा शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। तत्पश्चात ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला और गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया पर अस्पताल में चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही अनुमंडल पदाधिकारी, एसडीपीओ गढ़वा, सीओ गढ़वा सहित गढ़वा थाना प्रभारी बृज कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

### दिशोम गुरु के 'संस्कार भोज' में उमड़ी लाखों लोगों की भीड़, शामिल हुए कई विशिष्ट मेहमान

# लोग हमारे साथ खड़े रहे, मुझे और मेरे परिवार को मिला संबल : हेमंत

- मुख्यमंत्री सोरेन ने सभी आगंतुकों का जताया आभार
- कहा, हमारे घर-परिवार को इससे मिला आत्मबल
- लोगों ने कहा, गुरुजी को ना कभी भूले थे, ना ही भूलेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिवंगत शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा की माटी शनिवार को फिर भावुक हो उठी, जब लाखों की संख्या में लोग यहां अपने महानायक दिशोम गुरु को नमन करने उमड़ पड़े थे। सभी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिबू सोरेन के 'संस्कार भोज' में शामिल होने के लिए राज्य के कोने-कोने से आए लोगों के प्रति आभार जताया। दिशोम गुरु के पुत्र सीएम सोरेन ने कहा कि बाबा जब नई दिल्ली के एक अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे थे, उन कठिन परिस्थितियों में राज्यवासियों का हमारे परिवार को संबल प्राप्त हुआ, उसे कभी भूल नहीं सकता हूं। लोगों ने बाबा की जिंदगी के लिए दुआएं की, लेकिन ईश्वर को शायद कुछ और मंजूर था।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा, आज दिशोम गुरु हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके अंत्येष्टि संस्कार से लेकर आज के 'संस्कार भोज' में लाखों लोगों का शामिल होना, पूरे श्राद्ध कर्म के दौरान नेमरा आकर उनका हमारे साथ खड़े रहने से हमें और हमारे घर-परिवार को दुख की इस घड़ी में काफी आत्मबल मिला। राज्य की जनता जिस तरह हमारे साथ हर पल मौजूद रही, वह यह बताने के लिए काफी है कि उनका 'बाबा' से कितना गहरा लगाव था। 'बाबा' भले ही हमें हमेशा-हमेशा के लिए छोड़कर चले गए हैं, लेकिन, इस राज्य के मार्गदर्शक एवं पथ प्रदर्शक के रूप में वे सदैव याद किए जाएंगे। **शेष पेज 11 पर**







### गुरुजी की सरलता मुझे प्रभावित करती थी : राजनाथ




**रामगढ़।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत शिबू सोरेन के 'संस्कार भोज' में सम्मिलित होने के लिए दिशोम गुरु के पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रामगढ़ जिले के नेमरा स्थित आवास पहुंचे। राजनाथ सिंह ने गुरुजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा मुख्यमंत्री एवं उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मेरी कई मुलाकातें हुई हैं। उनकी सहजता, सरलता एवं व्यक्तित्व मुझे प्रभावित करती थी। गुरुजी सिर्फ आदिवासी ही नहीं, बल्कि अन्य समाज के भी अभिभावक के रूप में जाने जाते थे। मैं अपनी ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

### राज्यपाल नेमरा पहुंचे, 'संस्कार भोज' में हुए शामिल




**रामगढ़।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शनिवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म में आयोजित 'संस्कार भोज' में सम्मिलित होने के लिए दिशोम गुरु के पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा, रामगढ़ स्थित आवास पहुंचे। राज्यपाल ने दिशोम गुरु की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल संतोष गंगवार ने मुख्यमंत्री सोरेन एवं उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की



### राज्य के लिए समर्पित रहा 'बाबा' का पूरा जीवन...

संस्कार भोज में सम्मिलित लोग 'दिशोम गुरु' की जिंदगी और व्यक्तित्व की ही बातें करते दिखे। उनका कहना था कि उनका जीवन संघर्षों से भरा था, लेकिन उन्होंने संघर्ष को ही अपना हथियार बनाया। 'बाबा' का पूरा जीवन इस राज्य की खातिर समर्पित रहा। वे एक तरफ त्याग और संघर्ष की मिसाल थे, तो दूसरी तरफ आदिवासी चेतना के वाहक। शोषण एवं अत्याचार के खिलाफ उलगुलान उनकी पहचान बनी, तो झारखंड आंदोलन के अग्रदूत भी थे। झारखंड अलग राज्य बना, तो यह उनके ही आंदोलन की ही देन है। वे एक कुशल नेतृत्वकर्ता तथा संगठनकर्ता थे। उन्हें ना हम कभी भूले थे, ना भूले हैं और ना ही भूलेंगे। वे हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। उनके आदर्शों को हम अपने जीवन में आत्मसात करें। उनके दिखाए मार्ग पर चलें, यही उन्हें सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। दिशोम गुरु को एक बार फिर शत-शत नमन।

### मुकम्मल व्यवस्था रही नहीं हुई कोई असुविधा

दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 'संस्कार भोज' में मुकम्मल प्रशासनिक व्यवस्था देखने को मिली। यहां योजनाबद्ध तरीके से सारी व्यवस्थाएं की गई थीं, जिस वजह से आगंतुकों को असुविधाएं नहीं हुइ़ं। सुरक्षा के साथ भीड़ नियंत्रण की पुख्ता व्यवस्था थी। लोगों को जानकारी देने के लिए माइक से लगातार अनाउंसमेंट हो रहा था। वाहनों के पार्किंग के विशेष इंतजाम किए गए थे। सभी जवान ड्यूटी पर लगातार मुस्तैद रहे, ताकि किसी को कोई परेशानी नहीं हो। अति विशिष्ट एवं विशिष्ट मेहमानों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पार्किंग स्थल से लोगों को लाने-ले जाने के लिए ऑटो की व्यवस्था थी। यहां आने वाला हर व्यक्ति दिशोम गुरु को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी आज से जुड़ी यादें अपने में समाहित कर वापस लौटे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस खातिर स्वयं सभी व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए थे।

**इंडिया**

## लीलाधर कृष्ण पर विवाद नहीं, शोध किया जाना चाहिए



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

राम और कृष्ण भारत की भावभूमि के नायक हैं। उनका चरित्र बहुआयामी और रससिक्त रहा है कि इनके बिना भारतीय सनातनी परिवारों के शायद ही कोई संस्कार संपन्न होते होंगे। पुरानी साहित्यिक रचनाओं से लेकर स्वर्णिम काल की फिल्मों तक में सफलता की गारंटी ही नहीं भावपूर्ण दृश्यों के लिए इनका किसी न किसी रूप में चित्रण आवश्यक होता था। इन कृतियों के रचयिता मध्यकाल के कृष्ण भक्त मुसलमान कवियों में प्रमुख हैं तानसेन, ताज, रहीम, रसखान, जमाल, मुबारक, ताहिर अहमद, नेवाज, आलम, शेख तथा रसलीन। बहुसंख्यक सनातनी इन मुसलमान कृष्ण भक्त कवियों पर मानो न्योछावर थे और इन्हें हिंदू कवियों से भी श्रेष्ठ माना था । श्रीकृष्ण को पूर्णावतार कहा गया है जबकि आज के सोशल मीडियावीर कई विवाद खड़े करते हैं जैसे छली कृष्ण । राजनीति और युद्ध में कूटनीति का सहारा लेना छल या धोखा नहीं होता। चाणक्य ने कहा था 'यदि अच्छे उद्देश्य के लिए गलत मार्ग का चयन किया जाए तो यह अनुचित नहीं होगा। मार्ग कैसा भी हो लेकिन उद्देश्य सत्य और धर्म की जीत के लिए ही होना चाहिए।जब युद्ध में सारे नियम तोड़कर कौरव पक्ष ने भगवान श्रीकृष्ण के भांजे अभिमन्यु को निर्ममतापूर्वक मार दिया तो भगवान श्रीकृष्ण को भी नियम तोड़ने का अधिकार स्वतः ही मिल गया। विरोधी कहते हैं कि श्रीकृष्ण मनचले थे। ऐसी छवि भक्ति और रीतिकाल के कवियों ने बनाई थी। वृंदावन में ही श्रीकृष्ण और गोपियां आंख-मिचौनी का खेल खेलते थे। यहीं पर श्रीकृष्ण और उनके सभी सखा और सखियां मिलकर रासलीला अर्थात होली आदि तीज-त्योहारों पर नृत्य-उत्सव का आयोजन करते थे। कृष्ण 7 साल के थे और राधा 12 की, उनके साथ उन्हीं की उम्र के बच्चों की एक बड़ी टोली रहा करती थी, जो गांव की गलियों में धमाचौकड़ी मचाया करती थी। बच्चों की इस धमाचौकड़ी को पुराणों और बाद में भक्तिकाल के कवियों ने प्रेमलीला में बदल दिया।11 वर्ष की अवस्था में श्रीकृष्ण मथुरा चले गए थे ऐसे में रासलीला कैसे और कब की होगी? कृष्ण की जिन 16,000 पटरानियों के बारे में कहा जाता है, उन्हें




नरकासुर से श्रीकृष्णक ने मुक्त कराया और सम्मान देने के लिए आश्रय दिया। उन सभी ने श्रीकृष्ण को ही अपना सबकुछ मानते हुए उन्हें पति रूप में स्वीकार किया, लेकिन श्रीकृष्ण उन्हें इस तरह का नहीं मानते थे। सभी द्वारका में रहती थीं, महल में नहीं। भजन, कीर्तन, ईश्वर भक्ति करतीं थीं।उन्हें वहां किसी भी पुरुष से विवाह करने की अनुमति थी और उनमें से कुछ ने ऐसा किया भी था। क्या राधा, भगवान कृष्ण की प्रेमिका थीं? यदि थीं तो फिर कृष्ण ने उनसे विवाह क्यों नहीं किया? कृष्ण नंदगांव में रहते थे और राधा बरसाने में। नंदगांव और बरसाने से मथुरा लगभग 42-45 किलोमीटर दूर है। उल्लेखनीय है कि महाभारत में 'राधा' के नाम का उल्लेख नहीं मिलता है।यह सच है कि कृष्ण से जुड़े ग्रंथों में राधा का नाम नहीं के बराबर ही है। यदि भगवान कृष्ण के जीवन में राधा का जरा भी महत्व था, तो क्यों नहीं राधा का नाम कृष्ण से जुड़े ग्रंथों में मिलता है? या कहीं ऐसा तो नहीं कि वेद व्यासजी ने जान-बूझकर श्रीकृष्ण और राधा के प्रेम-प्रसंग को नहीं लिखा? राधा पद्म पुराण और ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार वृषभानु नामक गोप की पुत्री थीं। राधा, कृष्ण की मित्र थीं और उनका विवाह किशोर अवस्था में ही कर दिया गया था। महाभारत के सभी प्रमुख पात्र भीष्म, द्रोण, व्यास, कर्ण, अर्जुन, युधिष्ठिर श्रीकृष्ण के महान चरित्र की प्रशंसा करते थे जबकि उस काल में भी परस्त्री से अवैध संबंध रखना दुराचार माना जाता था। यदि श्रीकृष्ण का भी राधा नामक किसी औरत से संबंध हुआ होता तो श्रीकृष्ण पर भी अंगुली उठाई जाती?

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में पहुंचे डीआईजी नौशाद आलम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डीआईजी नौशाद आलम आज झारखंड के महान नेता, आदिवासी समाज के मसीहा और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में उनके पैतृक गाँव नेमरा पहुँचे। इस अवसर पर उन्होंने गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति तथा स्वर्गीय गमन के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। डीआईजी आलम ने इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शोकाकुल परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि गुरुजी का जाना न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में **शेष पेज 11 पर...**

# तिरंगे की शान में हुसैनाबाद एकजुट, भारत माता की जयकारा से गूंजा नगर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में तिरंगा यात्रा एवं बाइक रैली का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह और युवा भाजपा नेता सूर्य सोनल सिंह ने किया। रैली का शुभारंभ हुसैनाबाद स्थित पूर्व मंत्री के आवासीय कार्यालय से की गई। जो नहर मोड़, जयप्रकाश चौक, अंबेडकर चौक, गांधी चौक, भट्ठी मोहल्ला होते हुए पुनः आवासीय कार्यालय पर आकर संपन्न हुई। सैकड़ों मोटरसाइकिलों के साथ निकली यह यात्रा नगर के हर कोने में देशभक्ति का संदेश देती रही। हाथों में तिरंगा थामे कार्यकर्ता और नागरिक 'भारत माता की जय' तथा "जय हिंद" के नारों के साथ आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग में देशभक्ति गीत 'मेरी जान तिरंगा है' की धुन गूंजती रही, जिसने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। नगर की सड़कों और चौकों पर देशभक्ति का रंग साफ नजर आ रहा था। लोग घरों और दुकानों से निकलकर तिरंगा यात्रा को देख रहे थे और कई स्थानों पर यात्रा में शामिल भी हो रहे थे। युवाओं, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित सभी ने हाथ में तिरंगा लेकर इस ऐतिहासिक यात्रा में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। बाइक रैली में शामिल प्रतिभागियों ने अनुशासित ढंग से नगर के प्रमुख मार्गों पर तिरंगे की शान बढ़ाई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, जिला महामंत्री सोमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, अजीत सिंह, गुड्डू सिंह, श्रवण कुमार, पवन अग्रवाल, उदय विश्वकर्मा,रौनक सिंह, जिशान हसन, टंकी कांस्यकार,पार्टी के पदाधिकारी और क्षेत्र की सम्मानित जनता मौजूद रही। यह आयोजन स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान का प्रतीक बना।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू) क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।



**नवनीत पांडेय**
प्रखंड परियोजना पदाधिकारी जेएसएलपीएस
नीलाम्बर पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लेस्लीगंज क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक अभिनंदन।



**डॉ संदीप उपाध्याय**
प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय
लेस्लीगंज (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों का हार्दिक अभिनंदन।



**सत्य प्रिय तिवारी**
प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (जेएसएलपीएस)
नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लेस्लीगंज क्षेत्र के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं



**फिरोज अंसारी 'सदर'** | अंजुमन इस्लाहुल मुस्लमीन लेस्लीगंज, पलामू | **मुन्ना खान** सेक्रेटरी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ की ओर से सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक बधाई।



**ब्रजकिशोर तिवारी**
(अध्यक्ष)
जन वितरण प्रणाली विक्रेता संघ प्रखंड -नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर सहित ग्राम पंचायत कुराईनपतरा क्षेत्र के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**पूनम देवी मुखिया, पति वीरेंद्र कुमार**
ग्राम पंचायत - कुराईनपतरा
प्रखंड- नीलाम्बर पीताम्बरपुर पलामू

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**डॉ राजीव रंजन**
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत- पूर्णाडीह नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू) वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**गुड्डी देवी**
मुखिया
ग्राम पंचायत- पूर्णाडीह नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत- कोटखास नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू) के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।



**मुखिया जूली सिंह, पति राजन सिंह**
ग्राम पंचायत- कोटखास
नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सांगबार नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू) के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।



**गीता देवी**
(मुखिया)
ग्राम पंचायत- सांगबार, नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत- दारूडीह, प्रखंड- नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू) क्षेत्र के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**बिगन महतो**
(मुखिया)
ग्राम पंचायत- दारूडीह, प्रखंड- नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत- चौरा नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू) क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों को हार्दिक बधाई।



**गुड्डू पासवान**
मुखिया
ग्राम पंचायत- चौरा, नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर, पलामू क्षेत्र के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**मिस्टर महमूद**
(समाजसेवी)
प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर, पलामू

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर क्षेत्र के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**चंद्रशेखर कुमार**
बीपीओ (मनरेगा)
प्रखंड- नीलाम्बर पीताम्बरपुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत- हरतुआ नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू) वासियों को हार्दिक बधाई।



**अरविंद शुक्ला**
मुखिया ग्राम पंचायत- हरतुआ
नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त छात्र- छात्राओं और अभिभावकों सहित नीलाम्बर पीताम्बरपुर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**राकी मुकता**
शिक्षिका
कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय लेस्लीगंज (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं समस्त जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**प्रो0 डॉ. संजय कुमार सिंह**
राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय पलामू एवं
समस्त महाविद्यालय परिवार

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**डॉ. प्रमोद कुमार**
प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी
नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त छात्र- छात्राओं और अभिभावकों सहित नीलाम्बर पीताम्बरपुर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**बिमल कुमार सिंह**
माईन पब्लिक स्कूल झरहा लेस्लीगंज (पलामू)
वर्ग नर्सरी से अष्टम्, माध्यम सीबीएसई-एनसीआरटी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत ओरिया कला नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू) के समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**संगीता देवी**
मुखिया ग्राम पंचायत- ओरिया कला
नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर सहित ग्राम पंचायत पिपरा खुर्द क्षेत्र के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**मुखिया पूर्णिमा देवी पति शैलेश सिंह**
ग्राम पंचायत पिपरा खुर्द, नीलाम्बर-
पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू) के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।



**महेंद्र प्रजापति**
प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी
नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू) के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।



**रणविजय ठाकुर**
अंचल निरीक्षक
नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू) के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।



**सुकेशनी करकेट्टा**
प्रखंड विकास पदाधिकारी
नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लेस्लीगंज (पलामू) क्षेत्र के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**हेमायू खान**
युवा समाजसेवी सह उप मुखिया
ग्राम पंचायत- लेस्लीगंज (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू) के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।



**रुस्तम गहलौत**
प्रखंड समन्वयक (आवास)
नीलाम्बर पीताम्बरपुर, पलामू

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू) के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।



**सुनिल कुमार सिंह**
अंचल अधिकारी
नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू) के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।



**आलोक कुमार तिवारी**
प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी
नीलाम्बर पीताम्बरपुर (पलामू)

# समाज के उत्थान में बड़ी बहन का दायित्व निभाऊंगी : अरुणा शंकर

● हर पिछड़े वर्ग के लिए भवन उपलब्ध होगा : अजीत मेहता

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा, पलामू इकाई द्वारा बायपास रोड स्थित कुशवाहा भवन में हजारों परिवारों की उपस्थिति में आज़ादी का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष अजीत मेहता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार मेहता, वीरेंद्र कुशवाहा, पूर्व जिला परिषद उत्तरी रानो देवी, पूर्व वार्ड पार्षद शकुंतला देवी, गीता मेहता, डॉ. श्याम बिहारी महतो, युवा अध्यक्ष रिंकू मेहता समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने भवन परिसर में लाइब्रेरी का उद्घाटन किया और कई मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समाज ने मुझे अपनी बहन की तरह स्नेह दिया है। मैं बड़ी बहन की तरह हमेशा समाज के साथ खड़ी रहूंगी और अपना दायित्व निभाऊंगी। कुशवाहा भवन द्वारा युवाओं को निःशुल्क शिक्षा और ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराना आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अजीत मेहता ने कहा कि कुशवाहा भवन केवल समाज के लिए ही नहीं बल्कि सभी पिछड़ी जातियों के लिए उपलब्ध रहेगा। यहाँ छोटे-बड़े सामाजिक कार्यक्रमों हेतु निःशुल्क हॉल उपलब्ध कराया जाएगा। युवा अध्यक्ष रिंकू मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के उत्थान के लिए युवाओं को एकजुट होकर हर संभव योगदान देना होगा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. श्याम बिहारी महतो ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## अदबी संसार का कवि सम्मेलन सह मुशायरा संपन्न

**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता दिवस पर अदबी संसार की ओर से पुलिस लाइन रोड, हमीदगंज स्थित ग्रामीण समाज विकास कल्याण मंच कार्यालय में देश प्रेम व कौमी एकता विषयक कवि सम्मेलन सह मुशायरा आयोजित हुआ। अध्यक्षता पंकज श्रीवास्तव व संचालन शिव शंकर प्रसाद ने किया। स्वागत एम.जे. अजहर और हशमत रब्बानी ने किया।

कार्यक्रम में कय्यूम रूमानी, हरिवंश प्रभात, अमीन रहबर, एम.जे. अजहर, नवीन कुमार नवीन, ममता झा, रवि शंकर पांडेय, विजय शंकर मिश्र, इमरान शाद, इंद्रदेव कुमार सिंह, रीना प्रेम दुबे, अंजनी कुमार दुबे, जयालक्ष्मी, मो. हिशामुद्दीन हिशाम समेत कई कवियों ने रचनाएं प्रस्तुत कर देशभक्ति और भाईचारे का संदेश दिया।

मुशायरे में रथिंद्रनाथ झा, प्रेम दुबे, स्वर्णालता कुमारी, अशोक मेहता सहित अनेक साहित्यप्रेमी मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन मो. हशमत

## बिजली विभाग कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीननगर।** सुनील कुमार महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति की ओर से कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। मौके पर अन्य पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

## बाल संरक्षण गृह में चेस प्रतियोगिता का आयोजन

**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता दिवस पर बाल संरक्षण गृह में चेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष दिवाकर पांडेय, उपायुक्त पलामू सह डालसा उपाध्यक्ष समीरा एस, प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार दास, डालसा सचिव राकेश रंजन उपस्थित रहे। पीडीजे दिवाकर पांडेय ने बच्चों से सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने की अपील की, वहीं उपायुक्त समीरा एस ने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बारियातू क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
केदार गंझु
मुखिया
पंचायत बालूभांग
लातेहार।
शांति देवी
मुखिया
पंचायत टोटी.
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हरिहरगंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सुबोध कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह
समाजसेवी
टापलिंक माउंट हिल्स एंड पेट्रो सर्विस, ममरखा , हरिहरगंज।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हरिहरगंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राजीव रंजन
समाजसेवी सह जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो
भावी प्रत्याशी नगर पंचायत अध्यक्ष
हरिहरगंज पलामू।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पिपरा क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
बिमल कुमार
थाना प्रभारी
पिपरा, पलामू।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हरिहरगंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राकेश कुमार
प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी
हरिहरगंज पलामू।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हरिहरगंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मनीष कुमार सिन्हा
अंचल पदाधिकारी
हरिहरगंज पलामू।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हरिहरगंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
पारितोष प्रियदर्शी
प्रखंड विकास पदाधिकारी
हरिहरगंज पलामू।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हरिहरगंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
चंदन कुमार
पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी
हरिहरगंज पलामू।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पिपरा क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
बिनय कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी
पिपरा, पलामू।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बारियातू क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रंजन पासवान
थाना प्रभारी
बारियातू
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बारियातू क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सुमित कुमार
समाज सेवी
बारियातू
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बारियातू क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सोनू प्रजापति
झारखण्ड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ
प्रखण्ड सचिव सह समाज सेवी
बारियातू, लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बारियातू क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
उपेंद्र कुमार
ज्ञानदीप ज्योति आवासीय विद्यालय
बारियातू, लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बारियातू क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रिंगन कुमार
कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष
बारियातू
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हेरहंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अमित कुमार
बीडीओ सह सीओ
प्रखंड-हेरहंज
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हेरहंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रंजीत जायसवाल
भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य
सह समाजसेवी
हेरहंज, लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बारियातू क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
पंचायत सेवक संघ मनरेगा संघ अंचल सह प्रखंड कार्यालय परिवार बारियातू
बारियातू, लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बारियातू क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
पिंटू कुमार

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बारियातू क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सदाला सत्यनारायण
परियोजना पदाधिकारी मगध
बारियातू
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हेरहंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कृष्ण पाल सिंह पवैया
थाना प्रभारी
हेरहंज
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हेरहंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
संतोष यादव
भाजपा जिला उपाध्यक्ष
हेरहंज
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हेरहंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
भोला कुमार यादव
प्रखंड सचिव जेएमएम
हेरहंज
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बारियातू क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
लव कुमार सिंह
भाजपा मंडल अध्यक्ष
बारियातू
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हेरहंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मनोज यादव
भाजपा मंडल महामंत्री
हेरहंज
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हेरहंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
चंचला दवी
जिला परिषद सदस्या
हेरहंज
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हेरहंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अशोक प्रसाद गुप्ता
समाजसेवी सह भाजपा नेता
हेरहंज
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बारियातू क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
उमेश लोहरा
जेएमएम पंचयात उप कोषाध्यक्ष
शिबला
लातेहार।
शंकर गंझु
जेएमएम पंचायत अध्यक्ष,
शिबला
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हेरहंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डीलर संघ प्रखंड
हेरहंज, लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हेरहंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
जितेन्द्र कुमार यादव
राजद प्रखंड अध्यक्ष
हेरहंज
लातेहार।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हेरहंज क्षेत्र सहित झारखंड के तमाम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अरविंद कुमार यादव
आपूर्तिकर्ता भेंडर
हेरहंज
लातेहार।

# मोबाइल छिनतई व लूट की योजना बनाते दो अपराधी गिरफ्तार

- **पुलिस ने देसी कट्टा, चोरी का मोबाइल और मोटरसाइकिल किया बरामद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में मोबाइल और कीमती सामानों की छिनतई रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। 15 अगस्त 2025 को शहर थाना प्रभारी के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र के सुनसान मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में टीओपी-02 प्रभारी स०अ०नि० राकेश कुमार एवं टाइगर मोबाइल टीम ने कान्दू मुहल्ला स्थित रेलवे लाइन के पास से घात लगाकर राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे दो व्यक्तियों को दबोच लिया।

गिरफ्तार अपराधियों में मो० फैसल अंसारी पिता फारूख अंसारी, निवासी नावाटोली नागेश्वर मंदिर के पास तथा कार्तिक कुमार पिता कैलास राम, निवासी नावाटोली नगर निगम क्वार्टर नं-01 शामिल हैं। तलाशी के दौरान मो० फैसल के पास से 13 अगस्त को बारालोटा से छिना गया मोबाइल फोन बरामद हुआ, जबकि कार्तिक कुमार के पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली और बिना नंबर की हीरो पैशन मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वे अंधेरे में राहगीरों को लूटने की फिराक में थे। जांच से यह भी स्पष्ट हुआ कि मो० फैसल का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। वह वर्ष 2018 में चोरी और लूट की घटना में जेल जा चुका है, उस समय उसके खिलाफ शहर थाना कांड संख्या 329/2018, धारा 457/380/379 भा.द.वि. तथा जी.आर. 1002/18, धारा 392/411 भा.द.वि. के अंतर्गत मामला दर्ज हुआ था। वहीं कार्तिक कुमार चोरी के मोबाइल की खरीद-बिक्री में लिप्त पाया गया। पुलिस टीम में पु०नि० सह थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार, स०अ०नि० राकेश कुमार (प्रभारी टीओपी-02), आरक्षी सूर्यनाथ सिंह, मुकेश कुमार सिंह, प्रमोद यादव, मिथिलेश कुमार पासवान, अमित कुमार, सुबिन्द्र कुमार, विकास कुमार एवं सहायक आरक्षी जयन्त दूबे शामिल थे।

## रामदास सोरेन का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति : अविनाश

- **संत मरियम विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित, बच्चों ने रखा दो मिनट का मौन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री, झारखंड आंदोलनकारी और आदिवासी समाज के सशक्त नेता रामदास सोरेन का 15 अगस्त को लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। स्वतंत्रता दिवस की खुशी के बीच यह खबर झारखंड के लिए गहरी क्षति लेकर आई। संत मरियम विद्यालय में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव की अगुवाई में बच्चों और शिक्षकों ने तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को नमन किया गया। अविनाश देव ने कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन और जगरनाथ महतो के बाद रामदास सोरेन का जाना झारखंड की राजनीति और आदिवासी समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

## केंद्रीय कारा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता दिवस पर केंद्रीय कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। एलएडीसी चीफ अमिताभ चंद्र सिंह ने कैदियों को संवैधानिक अधिकार और विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी। डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि डालसा द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता दी जा रही है।











































## न्यूज | बॉक्स

### कलाबाजारी के लिए जा रहे यूरिया खाद पकड़ाया

**सगमा।** प्रखंड के बीरबल गांव में स्थित किसान केंद्र के पास पिकप में यूरिया खाद का लोडिंग किया का रहा था। ग्रामीणों के द्वारा किसान केंद्र संचालक से पूछ गया कि जब हम लोगों को खाद नही दे रहे हैं जबकि आपके यहां से गाड़ी में यूरिया खाद लोड हो रहा है। इस पर केंद्र संचालक के द्वारा उचित जवाब नहीं मिल पाया। कुछ ही देरी में किसानों का भीड़ इकट्ठा होने लगा कुछ लोगों ने इसकी सूचना मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा और प्रमुख अजय साह को दिया गया। सूचना मिलते ही मुखिया प्रमुख किसान केंद्र पहुंचकर इसकी जानकारी लेना चाहा लेकिन उचित जवाब नहीं मिलने पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी से फोन कर पूर्ण जानकारी लेने के बाद दोनों पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने सामने उपस्थित किसानों के बीच उचित मूल्य पर किसानों के बीच वितरण कराया।

### मझिआंव प्रखंड क्षेत्र में शान से लहराया तिरंगा

**मझिआंव।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर शान से लहराया तिरंगा। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख आरती दुबे, थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, रेफरल अस्पताल परिसर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनोद कुमार, पशु चिकित्सालय परिसर में पशु चिकित्सक डॉक्टर दिनेश कुमार यादव, प्रोजेक्ट राधा कृष्ण बालिका उच्च विद्यालय परिसर में प्रधानाध्यापक नीरज प्रसाद, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गहीडी परिसर में प्रधानाध्यपी का चंदा कुमारी, पंचायत भवन करमडीह परिसर में मुखिया मोसर्रत जहां, रामपुर पंचायत भवन परिसर में मुखिया कुमारी छाया, शिवेशवर चंद्रवंशी महाविद्यालय परिसर में भाजपा के झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंश ने निर्धारित समय पर झंडा फहराया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। इस मंगलमय अवसर पर सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों में बच्चों के द्वारा प्रातः तिरंगा यात्रा भी निकल गई। कई शिक्षण संस्थानों में इस दौरान संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर नगर पंचायत के लिए निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी, अध्यक्ष पद के भावि प्रत्याशी मारुत नंदन सोनी, वीरेंद्र नाथ दुबे, विधायक प्रतिनिधि भानु पासवान, तथा सैकड़ों प्रबुद्ध नागरिक एवं बच्चे बच्चियों उपस्थित थे।

### खाद्य नहीं मिलने से किसानों ने किया सड़क जाम

**भवनाथपुर।** दुकानदारों द्वारा किसानों के बीच यूरिया खाद बिक्री नहीं किए जाने और खाद दुकान बंद कर फरार होने से आक्रोशित किसानों ने शनिवार को मुख्य बाजार में सड़क जाम कर किया। सड़क जाम से बाजार में वाहनों की लंबी कतार लगने से आवागमन कुछ देरी के लिए थम सा गया। इसकी जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआई दिनेश सिंह व एएसआई जगबंधु महतो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और खाद दुकानदारों के विरुद्ध करवाई हेतु श्रीबंशीधर नगर एसडीएम प्रभाकर मिर्धा से बात कर किसानों से सड़क जाम को हटवाया। किसानों ने बताया कि यूरिया खाद की पहले से भारी किल्लत है। खाद दुकानदारों की मनमानी से फसल सूखने लगी है। खाद दुकानदार चंद किसानों के बीच ही यूरिया खाद की बिक्री कर ऊंचे दामों पर यूरिया खाद बेचने के लिए गोदामों में यूरिया खाद ब्लैक कर रहे है।

### सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**केतार।** केतार बाजार के प्रतिष्ठित व्यवसाई विश्वनाथ प्रसाद का नाती एवं ड्राईवर की मौत सड़क दुघर्टना में हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यवसायी के परिवार के सदस्य एक वर्षीय बच्चे का मुंडन कराने मध्य प्रदेश के मईहर मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान सतना में मोटरसाइकिल चालक को बचाने के क्रम में बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में बोलेरो चालक सुनील कुमार बैठा, विश्वनाथ प्रसाद का पत्नी, नाती, पुत्र, पुत्रवधू सहित अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के दौरान ड्राइवर सुनील कुमार बैठा एवं एक वर्षीय नाती का मौत हो गई। वही परिवार के अन्य सदस्य घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। इधर घटना की खबर आज की तरफ फैल गई। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया प्रमोद कुमार, सहित अन्य लोग पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया।

### वरिष्ठ पत्रकार सतीश सुमन के पिता का निधन



**मेदिनीनगर।** रांची से प्रकाशित दैनिक अखबार के वरिष्ठ पत्रकार सतीश सुमन के पिता कौशल किशोर मिश्रा का निधन शनिवार की शाम चार बजे 80 वर्ष की आयु में हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से परिवार और शुभचिंतकों में गहरा शोक छा गया है। कौशल किशोर मिश्रा अत्यंत मिलनसार और सहृदय व्यक्तित्व के धनी थे। अपने जीवनकाल में उन्होंने सदैव जरूरतमंदों की मदद की और सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे। उनके जाने से क्षेत्र ने एक स्नेही और संवेदनशील व्यक्तित्व खो दिया है। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव बिहार के औरंगाबाद जिले के परता गांव में किया जाएगा। उनकी मृत्यु पर कई गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा दुख प्रकट किया है। शोक व्यक्त करनेवालों में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, सांसद बीडी राम, विधायक आलोक कुमार चौरसिया, आनंद शंकर, चन्द्रशेखर सिंह, राष्ट्रीय नवीन मेल के स्थानीय संपादक राणा अरुण सिंह, अरुण शुक्ला सहित अनेक लोग शामिल हैं। सभी ने कहा कि मिश्रा जी की स्मृतियां समाज को सदैव प्रेरणा देती रहेंगी।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**श्रीबंशीधर नगर।** 79 वां स्वतंत्रता दिवस श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। अनुमंडल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह, एसडीओ आवास एवं कार्यालय में एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने तिरंगा फहराया एवं झंडे को सलामी दी। जबकि एसडीपीओ आवास एवं कार्यालय में एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय में पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, प्रखंड कार्यालय में प्रमुख उर्मिला देवी ने तिरंगा फहराया। अनुमंडल अस्पताल में डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी, श्री बंशीधर नगर थाना में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार, महिला थाना में थाना प्रभारी रुक्मिणी कुमारी, नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल, शंकर प्रताप देव इंटर एवं डिग्री कॉलेज में सचिव सह पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, टीडीएम कॉलेज अधौरा में कॉलेज के अध्यक्ष राजेश्वर प्रताप देव ने तिरंगा फहराया। वन कार्यालय में रेंजर प्रमोद कुमार, आरके पब्लिक स्कूल अधौरा में स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय,विशुनपुर स्थित मिलिनियम पब्लिक स्कूल में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी, बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सिद्धनाथ प्रसाद, सरस्वती विद्या मंदिर में समिति के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, एमके इंटरनेशनल स्कूल जंगीपुर में स्कूल के चेयरमैन डॉ अभिमन्यु सिंह,पुरैनी मिलिनीयम पब्लिक स्कूल में पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में संरक्षक रामप्रसाद एवं एफपीओ कार्यालय में अध्यक्ष बाबूलाल दुबे ने तिरंगा फहराया।

## मंडल कारा में स्वतंत्रता दिवस आयोजन, कैदियों ने सजाया था परिसर, कारा अधीक्षक ने कहा-

# राष्ट्र के निर्माण में रचनात्मक योगदान दें



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडल कारा गढ़वा में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह कारा अधीक्षक संजय कुमार ने यहां पूर्व निर्धारित समय पर काराकर्मियों एवं बंदियों की मौजूदगी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

इस वर्ष कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि बंदी कैदियों ने कई दिन पहले से तैयारियां शुरू कर दी थीं। उन्होंने अपने हाथों से रंग-बिरंगी झंडियां बनायीं तथा रंगीन कलाकृतियों, घड़ों और सजावटी वस्तुओं से जेल परिसर के अंदर के हिस्से को आकर्षक ढंग से सजाया था। वहीं कारा के मुख्य द्वार के बाहर के हिस्से को यहां के कर्मचारी एवं सुरक्षाकर्मियों ने पूरे मन से सजाया था। कैदियों एवं कर्मचारी की सामूहिक मेहनत से पूरा कारा परिसर राष्ट्रीय उत्सव के रंग में रंगा नजर आया।

जिला कारा में तीन स्थानों पर ध्वजारोहण हुआ–मुख्य द्वार पर प्रातः 9:30 बजे, जेल के अंदरूनी प्रांगण में 9:40 बजे तथा महिला वार्ड में 9:50 बजे। महिला बंदियों ने भी ध्वजारोहण में सक्रिय भागीदारी निभाई और पूरे उत्साह से तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान सभी कैदियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया, जिससे वातावरण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक संजय कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि यह हमें राष्ट्रहित में अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को याद दिलाने का अवसर भी देता है। मैं सभी कारा कर्मियों और बंदियों से अपेक्षा करता हूं कि वे अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में रचनात्मक योगदान दें। इस दौरान प्रभारी कारापाल, सभी कक्षपाल, सुरक्षा कर्मी, गृह रक्षक, तकनीकी कर्मी एवं बंदी जन मौजूद थे।

स्वतंत्रता दिवस आयोजन के उपरांत जिला अदालत का भी आयोजन किया गया। कैदियों की स्वास्थ्य जांच तथा उनके लिए विशेष पकवान की भी व्यवस्था की गई थी।

## मेराल प्रखंड में हर्षौल्लास और शान के साथ मना स्वतंत्रता दिवस



नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित सभी गैर सरकारी एवं सरकारी संस्थानों में हर्षौल्लास और शान के साथ, झंडोत्तोलन किया गया। इसके साथ ही कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय पर प्रमुख दीपमाला कुमारी ने झडोत्तोलन किया इस अवसर पर सीओ सह प्रभारी बीडीओ यशवंत नायक भी रहे मौजूद। थाना परिसर में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने झंडतोलन किया। मेराल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, पशुपालन विभाग में डॉक्टर कृष्ण कुमार सिंह, ब्लॉक कॉलोनी मध्य विद्यालय में हेड मास्टर गंगेश पांडे, मेराल पूर्वी पंचायत भवन पर मुखिया रामसागर महतो, पश्चिमी पंचायत भवन पर मुखिया उर्मिला देवी, एसडी मेमोरियल एकेडमी में निदेशक बृजेश मिश्रा, डीएवी लीला बच्चन पब्लिक स्कूल में निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा, एसजीएन मॉडर्न किन्नर गार्डन पब्लिक स्कूल में, निर्देशक धर्मेंद्र देव, इंडियन पब्लिक स्कूल में निदेशक विनोद कुमार पासवान, पाराडाइज पब्लिक स्कूल में निदेशक इंजीनियर इमाम, एसबी अकादमी में निदेशक मदन यादव नेनुवा मोड चौक पर विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन ने झंडोतोलन किया, भाजपा कार्यालय पर रुपू महतो एवं मनोज जायसवाल ने झंडोतोलन किया। वहीं हासनदाग पंचायत भवन पर मुखिया फुलमंती देवी, किस्मती कॉलेज आफ फामेर्सी में डॉक्टर अनिल साव पतंजलि कार्यालय पर डॉ. अनिल साव ने झंडोतोलन किया। इसके अलावा कई संस्थाओं में भी शान से ध्वजारोहण किया गया। सरकारी तथा निजी विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## कस्तूरबा विद्यालय में उल्टा फहराया गया तिरंगा



नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगर पंचायत स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में लापरवाही का ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना दिया है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के प्रांगण में आयोजित ध्वजारोहण समारोह के दौरान तिरंगा वार्डन अपर्णा कुमारी के द्वारा झंडा उल्टा फहराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरा के अनुसार हुई–राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, राष्ट्रगान गाया गया और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया। लेकिन कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत जब लोगों की नजर तिरंगे पर गई तो सभी दंग रह गए, क्योंकि झंडा उल्टा फहराया हुआ था।

यह दृश्य देखते ही उपस्थित लोगों के बीच फुसफुसाहट शुरू हो गई। कुछ ही देर बाद विद्यालय के शिक्षकों को भी यह लापरवाही नजर आई और उन्होंने तुरंत झंडे की रस्सी को खोलकर तिरंगे को सम्मानपूर्वक सीधा कर दिया। झंडे के उल्टा फहरने की घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश और हैरानी दोनों फैला दी है। लोग इसको राष्ट्रध्वज के सम्मान से जुड़ा गंभीर मामला मानते हुए विद्यालय प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि क्या कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका और जिम्मेदार शिक्षकों पर जिला प्रशासन कोई कार्रवाई करेगा या नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही असहनीय है और स्वतंत्रता दिवस जैसे पावन अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## प्रखंड कार्यालय समेत सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ हुआ झंडोत्तोलन



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खरौंधी प्रखंड कार्यालय सहित विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने झंडोतोलन किया। वहीं तहसील भवन में अंचल पदाधिकारी गौतम कुमार लकड़ा तथा थाना परिसर में थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने ध्वजारोहण किया।इसी प्रकार प्रखंड के सभी 9 पंचायतों में मुखियाओं द्वारा झंडोतोलन किया गया। जिसमें सुंडी पंचायत में मुखिया शीला देवी, राजी पंचायत में रिंकू देवी, खरौंधी पंचायत में मुखिया प्रभारी हरिद्वार यादव, मझिगावां पंचायत में बिन्दा देवी, करिवाडीह पंचायत में मंशा देवी, चन्दनी पंचायत में रामगहन मेहता, सिसरी पंचायत में मुखिया श्वेता देवी, अरंगी पंचायत में फूलकुमारी देवी एवं कूपा पंचायत में मुखिया प्रमोद राम ने ध्वजारोहण किया।बीआरसी कार्यालय में बीपीएम नवीन प्रकाश, उच्च विद्यालय खरौंधी में प्रधानाध्यापक नन्दकिशोर पाठक, मध्य विद्यालय मझिगावां में प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह, मध्य विद्यालय कोसलिबार में प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार राम, मध्य विद्यालय सुंडी में प्रधानाध्यापक गोविंद उरांव, मध्य विद्यालय पिपरी में प्रधानाध्यापक अरविंद साह, पीएम श्री विद्यालय अरंगी में प्रधानाध्यापक सतेंद्र दास, मध्य विद्यालय कूपा में प्रधानाध्यापक जितेंद्र सिंह एवं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में प्रधान शिक्षा मित्र मिथलेश पाल ने झंडोतोलन किया। साथ ही सभी विद्यालयों में शान से तिरंगा लहराया गया।वहीं भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा एवं झामुमो कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर ने झंडोतोलन किया।प्रखंड कार्यालय पर झंडोतोलन के उपरांत प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। यह दिन हमें उन वीर शहीदों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी, थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, एसआई प्रमोद कुमार महतो, बीपीओ अंकित कुमार सिंह, सीआई अजित कुमार दूवे, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, अकाउंटेंट असनन्दन राम, झामुमो नेता विनोद यादव, हिफाजत अंसारी,शशि कुमार पासवान,श्यामसुंदर राम,मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा भाजपा नेता बसंत कुमार यादव उपेंद्र दास, राजेश कुमार रजक, जितेंद प्रसाद तांडव,समाजसेवी राजा सिंह, संतोष कुमार सिंह, सतीश राम, बीडीसी कृष्णा राम, विकाश सिंह उर्फ पिन्टू सिंह, रोजगार सेवक कमलेश पासवान, आनंद कुमार गुप्ता, वार्ड सदस्य बालेश्वर प्रसाद यादव, अंजन कुमार गुप्ता, जाकिर हुसैन, एसएमसी अध्यक्ष मुहब्बत हुसैन, नरेश पासवान, सचिन यादव, अजित यादव सहित प्रखंड एवं अंचल कर्मी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धुरकी प्रखंड क्षेत्र के वासियों को हार्दिक बधाई।



जनार्दन रावत
थाना प्रभारी
धुरकी, गढवा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धुरकी प्रखंड क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



अनंत प्रताप देव
विधायक
धुरकी, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धुरकी प्रखंड क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



नन्दु प्रजापति
डायरेक्टर
परिन्दा पब्लिक स्कूल अम्बाखोरेया

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धुरकी प्रखंड क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



डॉ. रवेश कुमार
चिकित्सा पदाधिकारी
धुरकी, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र के वासियों को हार्दिक बधाई।



कविता देवी
उप प्रमुख
विशुनपुरा गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशुनपुरा प्रखंड के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



शशि प्रकाश रमन
प्रधानाध्यापक प्लस टू उच्च विद्यालय
पिपरी कला विशुनपुरा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर धुरकी प्रखंड क्षेत्र के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



विमल कुमार सिंह
सिओ व प्रखंड विकास पदाधिकारी
धुरकी, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र के वासियों को हार्दिक बधाई।



राहुल कुमार सिंह
थाना प्रभारी
विशुनपुरा गढवा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशुनपुरा प्रखंड के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



सुबोध कुमार
प्रधानाध्यापक पीएम श्री मध्य विद्यालय
अमहर विशुनपुरा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशुनपुरा प्रखंड के वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



शम्भू राम चंद्रवंशी
जिला परिषद सदस्य
विशुनपुरा गढ़वा

# पुलिस लाइन में मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया झंडोत्तोलन

● पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया ध्वजारोहण

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल,पुलिस लाइन ग्राउंड में राधा कृष्ण किशोर, माननीय मंत्री, वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी। मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित किया गया।मुख्य समारोह में डीआईजी नौशाद आलम,डीसी समीरा एस एसपी रीष्मा रमेशन समेत जिले के अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि कार्यक्रम में रहे मौजूद। मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने समारोह को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में दी जानकारी।

79 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर आज प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पुलिस महानिरीक्षक, पलामू प्रक्षेत्र एवं पुलिस उप महानिरीक्षक, पलामू क्षेत्र का संयुक्त कार्यालय भवन परिसर में पुलिस उप महानिरीक्षक श्री नौशाद आलम ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर पलामू उपायुक्त समीरा एस०, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना, प्रमंडलीय जनसंपर्क ईकाई, पलामू के उप निदेशक (क्षेत्र) संजीव कुजूर सहित बड़ी संख्या में पलामू जिला एवं प्रमंडल के प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

**प्रमंडलीय आयुक्त के आवासीय कार्यालय में आयुक्त के सचिव ने किया ध्वजारोहण :** प्रमंडलीय आयुक्त के आवासीय कार्यालय परिसर में आयुक्त के सचिव विजय वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। मौके पर अन्य पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

## चंदवा में धूमधाम से मना 79 वां स्वतंत्रता दिवस

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख मनीषा उराँव,खेल स्टेडियम परिसर में बीडीओ चंदन प्रसाद,थाना परिसर में पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह, सीएचसी में डॉ नीलिमा,भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ नेता महेंद्र प्रसाद साहू, कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, झामुमो कार्यालय में प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज चौधरी इंदिरा गांधी चौक में पंसस नीलम देवी, मारवाड़ी युवा मंच कार्यालय में रोहित अग्रवाल,भाकपा कार्यालय में अनिल साहू के अलावे सभी पंचायत सचिवालय में मुखिया के द्वारा झंडातोलन किया गया। मुख्य समारोह स्थल खेल स्टेडियम में प्रखंड प्रशासन के द्वारा झंडोत्तोलन के उपरांत विद्यालयों के द्वारा मार्च पास्ट व झांकी का आयोजन किया गया। गौरतलब हो कि पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के कारण स्वतंत्रता दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नही किया गया। प्रखंड प्रशासन की ओर से मार्च पास्ट व झांकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया गया। प्रमुख मनीषा उरांव, उपप्रमुख आश्विनी कुमार मिश्रा, बीडीओ चंदन प्रसाद, अंचलाधिकारी सुमित कुमार झा,पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी,पंसस नीलम देवी ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यालयों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

# जिले के विकास में सामुहिक सहयोग आवश्यक : उपायुक्त

● नक्सलियों को मुख्य धारा में जुड़कर सरकार कि पुनर्वास नीति का लाभ उठाने की अपील की: कुमार गौरव पुलिस अधीक्षक

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के मुख्य समारोह स्थल जिला खेल स्टेडियम में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। इससे पहले उपायुक्त ने परेड का निरीक्षण किया। अपने संबोधन में उपायुक्त ने सभी जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि आज हम भारतवासी स्वतंत्रता दिवस समारोह मना रहे है. यह अवसर है उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने की जिन्होने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व कुर्बान कर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में झारखंड आंदोलन के प्रणेता, पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद दिशाम गुरू स्व शिबू सोरेन को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उपायुक्त ने आगे कहा कि लातेहार जिला बूढ़ाघाघ जलप्रपात, पर्वतों की रानी नेतरहाट, पुरानी धरोहरों में पलामू किला, बेतला नेशनल पार्क एवं हरी-भरी वादियों और संगीतमयी झरनों के लिए विख्यात है। यह जिला देश एवं राज्य के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। लातेहार जिला प्रकृति की गोद में बसा है। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला प्रशासन आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए विकास के उच्च स्तर को प्राप्त करने हेतु सतत् प्रयत्नशील है.जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, सिंचाई समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए सामुहिक सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न सरकारी कार्यालयों के अधिकारी व कर्मियों को सम्मानित किया गया। वहीं पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि लातेहार पुलिस लोगों की सुरक्षा देने के लिए हर समय तत्पर है। उन्होने कहा कि हाल के दिनों मे लातेहार पुलिस ने कई सफलतायें हासिल की है। लातेहार जिले की पहचान नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में बन चुका था।लेकिन स्थितियां बदली है। नक्सल उन्मूलन अभियान का नतीजा है कि अब क्षेत्र में कुछेक नक्सली शेष रह गए है। उन्होंने उनसे भी मुख्य धारा में जुड़कर सरकार कि पुनर्वास नीति का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समार्हता रामा रविदास, एसडीएम अजय कुमार रजक, नगर प्रशासक राजीव रंजन, डीईओ प्रिंस कुमार, डीएसई गौतम साहू, डीएसओ रश्मि लकड़ा, अलका हेंब्रम, कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, आफताब आलम, पंकज तिवारी आदि मौजूद थे।

## हिंडाल्को ने छात्र-छात्राओं के बीच बांटे साइकिल

**महुआडांड़।** नेतहाट वॉरफेयर स्कूल, नेतरहाट के परेड मैदान में 79वां स्वतंत्रता दिवस डीआईजी धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस का शुभारंभ झारखंड वॉरफेयर स्कूल में ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके साथ ही झारखंड पुलिस की विभिन्न बटालियनों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई, जो लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। हिंडाल्को मिनरल्स एंड मिनरल्स लिमिटेड और झारखंड वॉरफेयर स्कूल की संयुक्त पहल के तहत नेतरहाट के दूरस्थ राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के 6 छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कार स्वरूप साइकिल प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त 150 छात्र-छात्राओं को टी-शर्ट, खेलकूद हेतु 6 सेट सामग्री,नेतरहाट के ग्रामीणों के बीच 50 साड़ियां एवं छाते, 50 इमरजेंसी लाइट, 25 बेडकॉर्ट सेट और ग्रामीण चिकित्सा के लिए एक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर का वितरण डीआईजी धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। साइकिल, खेलकूद सामग्री, छाते, बेडकॉर्ट एवं साड़ियाँ प्राप्त कर ग्रामीणों और विद्यार्थियों के चेहरे पर उत्साह एवं प्रसन्नता स्पष्ट झलक रही थी। इस अवसर पर समारोह में उपस्थित अतिथियों ने इस पहल की सराहना की।

## शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन से शोक में डूबा चंदवा

**चंदवा।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद पुरा झारखंड प्रदेश शोक में डूब गया है। वहीं शिक्षा मंत्री के निधन पर चंदवा मे भी सभी राजनीतिक दलों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। शोक व्यक्त करने वालों मे झामुमो के लातेहार जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहददेव,चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, जिला उपाध्यक्ष शीतमोहन मुंडा, दीपू कुमार सिन्हा, मो नौशाद, मो काजू, सतेंद्र प्रसाद यादव, भाकपा नेता प्रमोद साहू, मो अलाउद्दीन, सुधीर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हैं।





























































# बहुत संघर्ष और मेहनत के बाद मिली आज़ादी आइए तिरंगे को करें सलाम : शिल्पी नेहा तिर्की



● बीएस कॉलेज स्टेडियम में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री ने किया ध्वजारोहण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्वतंत्रता दिवस-2025 पर मुख्य समारोह का आयोजन बीएस कॉलेज स्टेडियम में किया गया। इस मौके पर झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मंत्री ने कहा कि "आज़ादी हमें बहुत संघर्ष और बलिदान के बाद मिली है। आदिवासी समुदाय का इसमें विशेष योगदान रहा, जिसे आने वाली पीढ़ी तक पहुँचाना आवश्यक है। संविधान ने हमें मौलिक अधिकार दिए और देश को मज़बूत बनाया। कृषि, शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में अनेक क्रांतियाँ आईं, जिन्होंने राष्ट्र को सबल बनाने का काम किया। आज हमें गर्व से तिरंगे को सलाम करना चाहिए।" उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के सम्मान और विकास के लिए काम कर रही है। महिलाओं को मईयां सम्मान योजना के तहत वार्षिक 30 हज़ार रुपये, छात्राओं को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ, उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, किसानों का 2 लाख रुपये तक ऋण माफ़, बीज वितरण और सोलर पंप जैसी योजनाओं से जोड़ने की पहल की जा रही है। समारोह में मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों और झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, उपायुक्त डॉ. ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिज़वी, उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जनप्रतिनिधिगण एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# श्री कृष्ण की भक्ति रस में रमे श्रद्धालू, जन्माष्टमी की रही धूम

● राधा कृष्ण मंदिरों व घरों में पूजन-पाठ और भजन-कीर्तन हुआ

**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** लोहरदगा के शहरी और ग्रामीण इलाकों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। घर-घर भगवान की विभिन्न रूपों की झांकियां सजाई गईं। रात के बारह बजे का घंटा बजते ही मंदिरों में महापूजन महाआरती की गई। लगभग सभी कृष्ण मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में भगवान कृष्ण के लिए झूले सजाए गए थे। जहां भक्तों ने मध्य रात्रि के बाद झूला झुलाकर मंत्रोच्चारण के साथ भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की। बाल गोपाल के जन्म के बाद उन्हें पंचामृत से स्नान करवाया गया। वस्त्र धारण करने के बाद भगवान कृष्ण के शरीर पर चंदन और तुलसी का लेप लगाया गया, ताकि उन्हें ठंडक प्राप्त हो. इसके बाद उनके बालस्वरूप का श्रृंगार हुआ. उन्हें खास तरह का मयुरांबर पोशाक पहनाया गया और आरती हुई.। इस दौरान ढोल-नगाड़े, झांझ-मजीरा, घंटे, तालियां और मृदंग की गड़गड़ाहट गूंजती रही. बालगोपाल को पाग, पंजीरी का भोग लगाया गया। कीर्तन से पूरी लोहरदगा गुंजायमान रही। चारों तरफ कन्हैया के मॉडर्न गीतों की धूम रही और सभी कृष्ण भक्त गानों में सराबोर नजर आए. भादों मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर भगवान श्रीहरि ने कृष्ण अवतार लिया था।



## कान्हा की भक्ति में डूबे गांव और शहर

**लोहरदगा।** भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में गांव से लेकर शहर तक न सिर्फ राधे गोविंद की गूंज रही, बल्कि पूरा जिला गोविंद की भक्ति में रंगा रहा. कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर घरों से लेकर मंदिरों तक पूजा-अर्चना चलती रही. गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो, गांव से लेकर शहर के गलियारों तक हर तरफ तक कण कण में श्रीराधे गोविंद की गूंज थी। छोटे-छोटे बच्चे कहीं कान्हा बने थे, तो कहीं पालने की व्यवस्था की गयी थी। कहीं वृंदावन की छटा बिखर रही थी, तो कहीं कन्हैया की रासलीला।

## मंदिरों में झूलन लगाकर श्रीकृष्ण व राधा की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की गई

**लोहरदगा ।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर जिले भर में हर्षोल्लास के साथ नंदलाल का जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिरों में झूलन लगाकर श्रीकृष्ण और राधा की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की गई। जन्माष्टमी के मौके पर राधे-कृष्ण की स्तुति में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग लीन रहे। शहरी क्षेत्र के पावरगंज चौक स्थित देवी मंदिर, वीर शिवाजी चौक स्थित दुर्गा मंदिर, तेतरतर, गायत्री मंदिर, ठाकुरबाड़ी मंदिर, जग्रन्नाथ महाप्रभु मंदिर, तिवारीदूरा मंदिर सहित विभिन्न मठ-मंदिरों में जन्माष्टमी के मौके पर विशेष पूजा अनुष्ठान का आयोजन किया गया। वीर शिवाजी चौक स्थित दुर्गा मंदिर और पावरंगज देवी मंदिर में पूरे भक्तिभाव के साथ भगवान की आराधना की गई। शहर के पावरगंज देवी मंदिर, अखंड हरिकीर्तन, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आ रहा था।

# शिक्षा मंत्री के निधन पर धीरज प्रसाद साहू ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री साहू ने कहा कि "झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन जी के निधन का समाचार सुनकर मैं अत्यंत मर्माहत हूं।

उनका जाना राज्य की राजनीति और शिक्षा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मैं शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूं। ईश्वर उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।"

# जेल अदालत सह मेडिकल कैंप का आयोजन, एक बंदी रिहा




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के द्वारा जेल अदालत सह मेडिकल कैंप का आयोजन मंडल कारा लोहरदगा में किया गया । जिसमें एक बंदी देवनाथ नगेसिया ग्राम पाखर क्यारी बारी, थाना किसको, जिला लोहरदगा को रिहा किया गया। इस उपलक्ष्य पर डालसा सचिव राजेश कुमार, एस डी जी एम अमित कुमार गुप्ता, जेलर सुबोध कुमार,एल ए डी सी एस चीफ नसीम अंसारी एवं उनकी टीम डॉक्टर एवं उनकी टीम एवं सिविल कोर्ट लोहरदगा के स्टाफ पीएलवी पुलिस पदाधिकारी गण उपस्थित थे । इस दौरान विधिक सेवा से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां कैदियों के बीच प्रदान की गई एवं किसी भी तरह की विधिक मदद के लिए डालसा लोहरदगा मे संपर्क करने के लिए बोला गया। विधिक जागरूकता के पश्चात बंदियों का चिकित्सीय जांच भी किया गया।

# स्वतंत्रता संघर्ष का अंत नहीं है ,यह जिम्मेदारी की शुरुआत है : अजय प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ घोष दल एवं एनसीसी कैडेट के भैया- बहनों के परेड के साथ स्वागत किया गया। सर्वप्रथम भारत माता पूजन एवं प्रबंधकारिणी समिति के माननीय सचिव अजय प्रसाद के द्वारा ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद ,शिक्षाविद् कृष्णा प्रसाद, वनवासी केंद्र के कृपा शंकर सिंह ,राघव राणा, गुमला विभाग के संघचालक मनोज दास जी की उपस्थिति रही।तत्पश्चात राष्ट्रगान, झंडे की सलामी एवं जय घोष कार्यक्रम हुआ।विद्यालय प्रांगण में सभी भैया -बहन आचार्यगण तथा अभिभावकगण एकत्रित हुए। रंगमंचीय कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास जी के अतिथि परिचय से हुआ। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के भैया -बहनों के द्वारा रंगारंग रंगमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

जिसमें वंदे मातरम् नृत्य,अंग्रेजी भाषण, हिंदी भाषण ,एकल नृत्य, संस्कृत भाषण, जन्माष्टमी विशेष ,देशभक्ति गीत, देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया। अपने आशीर्वचन में सचिव अजय प्रसाद ने कहा कि स्वतंत्रता संघर्ष का अंत नहीं, यह जिम्मेदारी की शुरुआत है। आने वाले पीढ़ी को सपनों जैसा भारत का निर्माण कर भविष्य बनाना है । जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को ऊंचा रखना है। उपाध्यक्ष विनोद राय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि देशवासी स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को नमन कर उनके अदम्य साहस और बलिदान को याद कर रहे हैं। यह दिन हर भारतीय के लिए गर्व का दिन होता है सभी उत्साह और देशभक्ति की भावना में डूबे रहते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अपने संबोधन में छात्रों को देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए शिक्षा, अनुशासन और देशप्रेम के महत्व पर बल दिया।

# स्वतंत्रता दिवस पर पूर्व सांसद धीरज साहू ने किया ध्वजारोहण



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने जिले के विभिन्न स्थलों पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस दौरान उन्होंने बरवा टोली चौक, मिशन चौक, पुराना नगर भवन, उर्सुलाईन बीएड कॉलेज, उर्सुलाईन कॉन्वेंट विद्यालय, बीएस कॉलेज तथा आर डी साहू पब्लिक स्कूल गंगुपारा में ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, विद्यार्थी व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने कहा कि "स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों के बलिदान और त्याग की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। हमें उनकी कुर्बानियों को कभी नहीं भूलना चाहिए।

## कैमो पतराटोली में कृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष पूजा अर्चना हुई

**लोहरदगा।** योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम शहर और ग्रामीण इलाकों में छाई रही। स्थानीय राधा कृष्ण मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से योगेश्वर श्रीकृष्ण के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए उमडनी शुरू हो गई थी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर कैमो गांव में आयोजित होने वाले कृष्ण जन्म उत्सव का आयोजन आकर्षक ढंग से की गई। कैमो गांव में स्थापित सरना माता मंदिर में पूजा अर्चना के बाद भगवान श्रीकृष्ण की आराधना में श्रद्धालु डूबते चले गए। इस दौरान कैमो गांव कृष्ण की भक्ति में लीन मथुरा में तब्दील हो गया।

# खेल समाज को जोड़ने और युवाओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण स्तंभ है : धीरज प्रसाद साहू



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नवयुवक सरना संचालन समिति घाघरा के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस पर घाघरा हाई स्कूल मैदान में चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के दिग्गज नेता सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम में फुटबॉल प्रेमियों का जन सैलाब देखने को मिला। जिले भर से लगभग 35-40 हजार की संख्या में दर्शक मैच का आनंद लेने के लिए उपस्थित थे। जिन्होंने जोरदार तालिया के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए श्री साहू ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनके उत्साह और खेल भावना का सम्मान करता हूं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं। खेल और संस्कृति, समाज को जोड़ने और युवाओं को आगे बढ़ाने के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। ऐसे आयोजनों से नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। मैं इंस्ट्रूमेंट के आयोजन करता नवयुवक सारण संचालन समिति को भी बधाई देता हूं।

जिन्होंने इस क्षेत्र में इतना भव्य कार्यक्रम को सफल बनाया, और खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अजय शाहदेव, शकिल अहमद, निशिथ जायसवाल, अवध मनी पाठक, एस डी पी ओ सुरेश प्रसाद , अनिरुद्ध चौबे,शिव कुमार भगत, मोती चौबे, ऐनुल अंसारी, संजय तुरी,अंसार अहमद, एवं अध्यक्ष समीर भगत, सुधीर कैथवार, आदित्य भगत, गौतम धारा मिंज,मौजूद थे। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच कोटाम और चुनदरी बीच हुआ। जिसमें चुनदरी विजेता एवं कोटाम उपविजेता हुए। जिन्हें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरज प्रसाद साहू ने प्रोत्साहन राशि देकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

# जीवन के हर रूप में मोहते हैं योगेश्वर श्री कृष्ण

● 'कर्मन्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' के विचार को मूर्त रूप देते हैं श्रीकृष्ण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** विभिन्न आलौकिक कृत्यों के बीच श्रीकृष्ण जीवन में माधुर्य का संदेश देना नहीं भूलते। वह विभिन्न प्रकार की बाल क्रीड़ाएं करते हैं, मनमोहक बांसुरी वादन करते हैं तथा रास जैसी मोहक नृत्य विधा का सृजन करते हुए समस्त बृज प्रांत को महारास के रस में डुबो देते हैं, जिसमें सम्मिलित होने का लोभ संवरण स्वयं देवाधिदेव महादेव भी नहीं कर पाते और स्त्री वेश धारण कर इस महारास में सम्मिलित होते हैं। बृज के समस्त गोप-गोपियां श्रीकृष्ण के साथ भावनात्मक तथा आध्यात्मिक रूप से इतनी गहराई से जुड़े हैं कि श्रीकृष्ण के बिना वे अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। लेकिन बाल्यावस्था से किशोरावस्था तक आते-आते श्रीकृष्ण अपने 'कर्मन्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' के विचार को मूर्त रूप देते हैं। जब कर्तव्यपालन हेतु अपना गांव छोड़ कर जाना पड़ता है तो सभी ग्रामवासी व्याकुल होकर उन्हें रोकने का प्रयास करते हैं, किंतु श्रीकृष्ण भावनाओं के ऊपर कर्तव्य को प्रधानता देते हुए मथुरा को प्रस्थान कर जाते हैं। वहां उन्हें अपने अत्याचारी मामा कंस का वध करना है। इसके बाद पूरे जीवनकाल में वह कभी भी वापस गोकुल या बृज में नहीं जाते। भगवान के विभिन्न अवतारों में से श्रीकृष्ण इसलिए सबसे अलग दिखाई पड़ते हैं। श्रीकृष्ण अपने प्राकट्य के साथ ही अपने परम वैभवशाली, परब्रह्म स्वरूप का आभास देना प्रारम्भ कर देते हैं, और बाल्यावस्था तक आते-आते सभी को यह विश्वास हो जाता है कि वे दैवीय शक्ति से सम्पन्न हैं। श्रीकृष्ण 'अहिंसा परमो धर्मः' का उपदेश अर्जुन को देते हैं, तो 'धर्महिंसा तथैव च' का उद्‌घोष करने से भी नहीं चूकते।

जो कृष्ण आवश्यकता पड़ने पर कालयवन से भागते हुए स्वयं रणछोड़ के नाम से प्रसिद्ध होते हैं, वह ही समयानुसार आवश्यकता पड़ने पर युद्ध से विरत होते अर्जुन को युद्ध के लिए प्रेरित करते हैं।

## सड़क दुघर्टना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**भंडरा।** प्रखंड में शुक्रवार की शाम दो अलग-अलग सड़क दुघर्टना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गयी. जिसे स्थानीय लोगों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा लाया गया. जहा प्राथमिक उपचार कर दोनों को छुट्टी दे दी गई। पहली घटना भंडरा बेड़ो मुख्य पथ के तेतरपोका गांव के समीप का है बताया जाता है की थाना क्षेत्र के भीठा गांव निवासी गांव निवासी 16 वर्षीय प्रेम साहू पिता संतोष साहू अपनी बाइक से लोहरदगा से भीठा लौट रहा था।

# बॉक्साइट ट्रकों का परिचालन शीघ्र शुरू कराने के लिए प्रयासरत हूं : धीरज प्रसाद

● पूर्व राज्यसभा सांसद ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस मामले का समाधान करने का मैं प्रयास कर रहा हूं

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष कवलजीत सिंह के नेतृत्व में पूर्व राज्यसभा सांसद सह ट्रक आँनर एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू से मिले एवं संरक्षक को अपनी बातों से अवगत कराते हुए बताया गया कि पिछले लगभग 17 दिनों से बॉक्साइट में चलने वाले लगभग 1500 ट्रक बिना किसी नोटिस या कारण के लोड लेकर पहाड़ों में खड़े हैं। हिंडाल्को कंपनी से पूछने पर कहा जा रहा है कि कोई भी डीएमएफटी फंड बकाया नहीं होने के बावजूद गुमला डीएमओ के द्वारा माइनिंग चालान नहीं दिया जा रहा है। इस पर एसोसिएशन ने माननीय संरक्षक महोदय से साफ कहा कि गुमला जिला प्रशासन मनमानी पर उतर आया है क्योंकि बिना किसी पूर्व सूचना या बिना किसी नोटिस के एकाएक चालान को रोक कर सभी ट्रकों को खड़ा कर दिया गया और लगभग 1500 ट्रक लोड लेकर पहाड़ में फंसे हुए हैं।

जिसके कारण गाड़ियों को भी नुकसान हो रहा है और ट्रक मालिकों को अभी तक करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है।

इसके अलावा लोडर, अनलोडर, पार्टस दुकान ,ड्राइवर ,खलासी ,टायर दुकान, पेट्रोल पंप, बाजार,हाट सभी चीज प्रभावित हो रही हैं और सरकार को तो करोड़ों का राजस्व का नुकसान हो चुका है। एसोसिएशन ने संरक्षक महोदय को साफ बताया कि अगर हिंडालको ने कुछ गलत किया है तो जिला प्रशासन केस करें, कानूनी कार्रवाई करें ना की मौखिक रूप से बोलकर और चालान को रोक दिया गया है। यह एक तरह से मनमानी किया जा रहा है। एसोसिएशन ने यह भी कहा कि अगर मामला शीघ्र समाधान नहीं होता है तो हम लोग हिंडाल्को कंपनी एवं गुमला जिला प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन ,मशाल जुलूस ,नुक्कड़ सभा ,सड़क जाम के अलावा सभी डेढ़ हजार ट्रकों को ले जाकर गुमला जिला प्रशासन को सौंपेंगे। सभी बातों को सुनने के पश्चात पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा इस मुद्दे को लेकर पूर्व में भी गुमला जिला उपायुक्त से मैंने बात की थी।

बैठक के दौरान श्री साहू ने पुनः गुमला जिला उपायुक्त से बात की और कहा कि इस मामले का शीघ्र निपटारा किया जाए। इस बैठक के दौरान ही धीरज प्रसाद साहू ने हिंडाल्को कंपनी के वरीय पदाधिकारी से भी बात की कि आप भी प्रयास करके इस मामले को शीघ्र खत्म करें। एसोसिएशन को पूर्व राज्यसभा सांसद ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस मामले का समाधान करने का मैं प्रयास कर रहा हूं, फिलहाल आप लोग आंदोलन शुरू न करें।

# लिली किड्स प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के अग्रवाल मुहल्ला स्थित लिली किड्स प्ले स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रिया अग्रवाल ने राधा कृष्ण का रूप धरे बच्चों की आरती उतार कर की। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत गणेश बंदना के साथ किया गया। स्कूली बच्चे राधा कृष्ण की भूमिका में नजर आ रहे थे। जो बहुत ही आकर्षक दिखाई दे रहे थे और सबका मन मोह रहे थे। मौके पर स्कूली बच्चों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। जिसकी सराहना उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं व अभिभावकों ने किया। प्रधानाचार्य प्रिया अग्रवाल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की प्रासंगिकता से बच्चों का परिचय कराया। भगवान श्री कृष्ण की जीवनी से प्रेरणा लेने की बात कही। कहा कि हमारा धर्म संस्कृति से ही हमारी पहचान होती है।

पर्व त्यौहार एक दूसरे को जोड़ने का माध्यम बनते हैं। त्योहार हमे एकजुटता लाने को सिखाते हैं। इधर पूरे स्कूल में राधा कृष्ण के रूप में बच्चे उत्साहित नजर आ रहे थे। गौरतलब है कि कृष्ण जन्माष्टमी अथवा श्री कृष्ण जी के जन्मदिन का पर्व भारत के प्रमुख पर्वों में से एक है। यह त्योहार भगवान श्री कृष्ण के जन्मोंत्सव (जन्मदिन) के रुप में मनाया जाता है। यह भारतीय पर्व भगवान श्री कृष्ण के मानव कल्याण के लिए किये गये कार्यों और आदर्शों को समर्पित है। मथुरा और वृंदावन में इस त्यौहार को मनाने का मुख्य केंद्र होते हैं यहां की जन्माष्टमी की रौनक की चर्चा विश्व विख्यात है।

# दृष्टिकोण

हमारे इतने बड़े-बड़े अस्पताल हैं सभी सुविधाओं से युक्त और सभी चिकित्सक विशिष्ट पदकधारी! अपनी विधा में विशेषज्ञ, फिर भी आपके पास ऑपरेशन की संख्या इतनी कम है! एक सामान्य प्रसव का केस जिसमें महिला का ऑपरेशन से प्रसव होना होता है उसे भी आप निजी अस्पतालों में भेज देते हैं। क्या वहाँ के डॉक्टर आपसे अधिक योग्य है? आप काम नहीं करना चाहते इसलिए उन्हें निजी अस्पताल में भेज देते हैं। जिलाधिकारी की फटकार चल रही थी, बैठक कक्ष में मात्र उनकी आवाज ही गूँज रही थी। जिला के सभी स्वास्थ्य अधिकारी सर झुकाए उनकी फटकार मौन सुन रहे थे और एक दूसरे की ओर चोर दृष्टि से से देख भी रहे थे मानो अगले से कहना चाह रहे हों अपनी सफाई देने के लिए परन्तु प्रतिरोध करने की हिम्मत किसी में नहीं थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपनी बात रखनी चाही – "जी सर हम किसी पेशेंट को भेजते नहीं वह हमारे पास आते नहीं होंगे, सीधे निजी अस्पताल में ही चले जाते होंगे......"

उन्हें बीच में ही रोक कर जिलाधिकारी ने उन्हें और उनकी पूरी टीम को नाकारा प्रमाणित कर दिया – "आपके पास कर्मचारियों की फौज है, पूरे जिले की गर्भवती माता की सूची है आपके पास, हर प्रखण्ड में एक बड़ा हॉस्पिटल, चिकित्सक और कर्मचारी हैं, फिर आप समय पर उन्हें अपने यहाँ क्यों नहीं बुलवा सकते कि वह प्राइवेट अस्पतालों में जाते हैं?" "... " आगे कुछ भी कहने की उनकी हिम्मत नहीं हुई। "आपके पास ऑपरेशन से प्रसव की संख्या बहुत कम है, आप कहिए हम क्या सफाई दें अपने उच्च अधिकारी को ऑपरेशन के केस की संख्या हमारे अस्पताल से निजी अस्पतालों में कई गुणा अधिक क्यों है!" "..." बैठक कक्ष में सन्नाटा व्याप्त रहा, जिलाधिकारी को जवाब देना चूहों के द्वारा बिल्ली के गले में घंटी बांधने जैसा था। "आप सभी अपनी कार्यशैली में सुधार लाइए वरना आपका पूरा कैरियर बिगाड़ दूँगा?" मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने हिम्मत करके उन्हें आश्वासन दिया– "जी सर अभी हम कल से ही सूची के अनुसार जिनके प्रसव का एक सप्ताह या दस दिन है उनके पास कर्मचारियों को भेजना प्रारंभ करते हैं और उन्हें अपने अस्पताल में समय पूर्व ही बुला लेंगे।" "बिल्कुल, मैं सुनना नहीं चाहता हमारे अस्पताल से अधिक निजी अस्पतालों में ऑपरेशन हुआ है और हमारे डॉक्टर अयोग्य हैं।" सभी जिलाधिकारी की बात चुपचाप सुन रहे थे, अब किसी में विरोध करने की हिम्मत बची नहीं थी। सभी के चेहरे को देखकर ऐसा लग रहा था मानो सामने शेर हो और वे सभी मासूम मेमना जो शेर से बचने का उपाय ढूँढ रहा हो। बैठक कक्ष के सन्नाटे भंग करती एक महिला चिकित्सक डॉ. शेफाली जो हाल ही में स्थानांतरित होकर इस जिला में आई थी उठ खड़ी हुई – "सर मैं एक बात कहना चाहती हूँ क्या मुझे अपनी बात रखने की अनुमति है?" " हाँ-हाँ! डॉ. शेफाली, आप भी अपनी सफाई दे लीजिए "– जिलाधिकारी ने व्यंग्यात्मक स्वर में कहा और सभी चिकित्सक उसकी ओर सहानुभूति भरी दृष्टि से देखने लगे। "सर आप रिकॉर्ड की जाँच कर लीजिए जिले के जितने भी निजी अस्पताल हैं सभी में जितने प्रसव हुए होंगे उससे अधिक संख्या तो हमारे एक प्रखण्ड के अस्पताल में है..." "बस यही कहना था आपको" – बीच में ही रोक जिलाधिकारी ने क्रोध भरे स्वर में कहा-"नहीं सर अभी मेरी बात पूरी नहीं हुई। निजी अस्पतालों में प्रसव के लिए जितने भी ऑपरेशन हुए हैं उनकी जाँच करवा कर देखिए नब्बे प्रतिशत ऑपरेशन के केस में बिल्कुल सामान्य प्रसव हो सकता था। ऑपरेशन करके उन्होंने आम जनता का शोषण किया है अपने आर्थिक लाभ के लिए। हम व्यर्थ में किसी भी मरीज या उसके परिवार को परेशान करना नहीं चाहते इसलिए हमारे यहाँ निन्यानवे प्रतिशत प्रसव सामान्य ही होता है। मात्र एक प्रतिशत प्रसव मरीज की किसी जटिलता के कारण ऑपरेशन द्वारा होता है। इसलिए आपको हमारे यहाँ ऑपरेशन से प्रसव कम दिखता है और निजी अस्पतालों में अधिक।" जिलाधिकारी को गंभीरता से अपनी बात सुनते देख कर उसने संयत लेकिन गंभीर स्वर में कहा– "सर हम अपना कार्य पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं परन्तु जनता का शोषण रोकने के लिए निजी अस्पतालों पर शिकंजा कसने की आवश्यकता है।" जिलाधिकारी इस चिकित्सक की बातें सुनकर चकित स्वर में बोल उठे – "अरे! एक पहलू यह भी हो सकता है, इस दृष्टिकोण से तो मैंने सोचा ही नहीं था।"



निर्मला कर्ण

# प्यार का पापड़



ललन शर्मा



हास्य

पापड़ दुनिया भर में एक ऐसी इकलौती वस्तु है जिसे सभी लोग खाते हैं। हँस के खाए चाहे रो के। कुछ लोग तो सपनों में भी पापड़ खाते रहते हैं। हाँ, ये अलग बात है कि इसका स्वाद अलग-अलग, खट्टा-मीठा या मिक्स हो सकता है। अब रही बात पापड़ बनाने की तो आप सोच रहे होंगे कि जिस तरह पापड़ आसानी से खाया जाता है। उसी प्रकार इसे बनाना भी आसान होगा। लेकिन सुनिये, पापड़ बनाया नहीं जाता, बेला जाता है। कहने का अर्थ है कि पापड़ बेलकर बनाया जाता है। यह तो जग जाहिर है कि पापड़ बेलना एक कठिन कार्य है पर यह पुण्य कार्य सभी के सभी लोग करते हैं। मन से बेमन से या खाली मन से। कहने का तात्पर्य है कि हर आदमी पापड़ बेलता है। चाहे वह घर में रोटी बेल सके या नहीं। पापड़ बेलने के कई आकर्षक एवं बम्पर उदाहरण भी है जैसे कोई नौकरी के लिए पापड़ बेलता है, कोई शादी के लिए पापड़ बेलता है तो कोई तलाक के लिए, हर कोई कुछ न कुछ करने के लिए पापड़ बेल रहा। मेरे कहने का अर्थ यह है कि यह कार्य अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। भला बताइए जो काम सभी कर रहे हैं, उसमें मैं कैसे पीछे रहूँ। वैसे मैं निकम्मा कभी भी किसी भी दौड़ में आगे नहीं रहा।

यह दुनिया का शास्वत और फिक्स नियम है कि बिना पापड़ बेले आजतक कोई मनुष्य महान नहीं हुआ।

मैंने सोचा चलो इस बेकारी में यही काम ही सही, कुछ न कुछ तो होगा ही और इसमें महान बनने की भी प्रबल सूचना है। और पापड़ बेलने जैसे कार्य में तो नोबल पुरस्कार, आस्कर अवार्ड, तक भी मिल सकता हैं। मैंने दृढ़ निश्चय कर लिया कि प्यार का पापड़ बेलना है। मैं घर आया और एक संपूर्ण मिली जुली योजना बनायी। योजना के अनुसार अगले दिन सजधज के उधार की गाड़ी को हवा में उड़ाता महिला कॉलेज के गेट के सामने जा खड़ा हुआ तो देखा वहाँ मेरे जैसे कई खड़े थे अपनी-अपनी पोजीशन लिये। मैंने भी पोजीशन लिया और कालेज की लड़कियों पर अपनी आँखें तान दी ताकि एकाध निशाने पर बैठे। शाम होते-होते समूचा कॉलेज खाली हो गया पर एक भी निशाना न लगा। मुझे लगा मेरा पोजीशन ही गलत है इसलिए निश्चय किया कि एकदम नजदीक से निशाना लगाऊँगा ताकि मिस होने का खतरा न रहे। अंत में एक झुण्ड और आया मैं भगवान से हाथ-पैर जोड़ कर प्रार्थना करने लगा कि एकाध कन्या इसमें से निकल आए। मेरी मजनूं भक्ति पर शायद भगवान प्रसन्न हुए। एक कन्या ने मेरी ओर देखा, मुस्कुराई और पास आकर अपने स्वर्ण-कण्ठ से बोली -अरे भाई साहब आप ! यहाँ क्या कर रहे हैं? गेटकीपर की नौकरी मिली है क्या? भाई शब्द का संबोधन सुनते ही मेरे दिमाग का फ्यूज उड़ गया। बदन में शर्मिंदगी का करेंट दौड़ने लगा क्योंकि वह पड़ोसी की लड़की थी। मैं सर झुका कर वहाँ से चल दिया और प्रण किया कि इस कॉलेज के पास नहीं भटकना है।

अगले दिन सुबह.सुबह दूसरे महिला कॉलेज के गेट पर मोर्चाबंदी की। मेरा छः घंटे का परिश्रम फल लाया। एक कन्या बाहर निकली और मुझ पर अपनी मुस्कुराहट भरी तिरछी कजरारी निगाहें छोड़ कर आगे बढ़ गई। मैं समझ गया झंडी हरी हो गयी अब मुझे गार्ड की तरह पीछे-पीछे चलना है और सिग्नल पकड़ना है। पर इसमें कितना समय लगेगा मुझे पता न था। यह कोई फिल्म तो है नहीं कि तीन घंटे में प्यार-मोहब्बत, दो चार गाना और प्यार का दि एण्ड। मैं उसके पीछे चल दिया। पर वह जा चुकी थी। मुझे हार तो मानना नहीं था। अतः रोज ड्यूटी देने लगा वह रोज आती, मुस्कुराती, कुछ आगे सड़क पर जाकर लुप्त हो जाती। मुझे समझ नहीं आ रहा कि ऐसा क्यों हो रहा है। अन्ततः कुल छः महीने घनघोर तपस्या के बाद उसका घर ढूँढ़ निकाला।

धत तेरे की, कॉलेज के बगल में ही तो था। चिराग तले अंधेरा। इस मुहावरे को तो मैं भूल ही गया था। अब दो जगह ड्यूटी देने लगा क्योंकि मैं मोहब्बत की कई सीढ़ियाँ फांद चुका था। अब तो घर से कॉलेज और कॉलेज से घर भी छोड़ने लगा। इस दौरान हम प्यार की पकौड़ी खाने लवर्स पॉइंट भी जाते। मेरी उधारी की जेब ठंडी होती तो वह थैंक यू कहती और न जाने अंग्रेजी में क्या-क्या कहती जो मेरे भेजे से बाहर गुल्ली-डंडा खेल कर पार हो जाता। मैं उसके जवाब में बस यस-नो, यस-गुड. थैंक यू,मेन्सन नॉट कहता। अब तक मैं उसका बॉडी गार्ड- सह- सेवक- सह ड्राईवर, सह प्रेमी बन चुका था। जैसा की हमेशा होता है कि मोहब्बत के सफर में एक विलेन का आना जरूरी है सो वो भी हुआ। एक दिन वह एक नये लड़के की नयी-नयी गाड़ी में आयी और बोली मिलिए ये मेरे होने वाले पति हैं। आप जरूर आईएगा मेरी शादी में। ऐसा कह वह मुड़ी और उस विलेन की गाड़ी में बैठ कर फूर्र से उड़ गयी। मैं गुटूर-गुटूर कर प्यार का पापड़ मलता रह गया।

# स्नेह बंधन

कल स्वाति आ रही है। पूरा घर चहल पहल में डूबा हुआ है। स्वाति के पसंद की खाने पीने की चीजों की तैयारी हो रही है और मुदिता,घर की इकलौती बहू को फुर्सत नहीं कि वह फ्रेश होकर सुबह की चाय भी पी सके,बस मशीन की तरह किचन में व्यस्त हैं तड़के सुबह से ही।

परसों रक्षाबंधन है न, इकलौते भाई की अकेली बहन।, सबको प्रतीक्षा रहती है उसके आने की। मुदिता बस दौड़ती रहती है घर आंगन,एक दूसरे की सुविधाओं का ख्याल रखती जरुरी चीजों की व्यवस्था लेनदेन की जिम्मेदारी सब कुछ मुदिता के ऊपर ही है। दोनों बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना स्कूल छोड़ना लौटते समय सब्जियां खरीद कर ले आना और फिर उसकी खरीददारी पर घंटों अम्मा जी के प्रवचन सुनना। मुदिता भी चाहती हैं अपने मायके जाना, दोनों छोटे भाइयों को सामने बैठा कर राखी बांधने का सुख जीना चाहती है पर विवाह के बाद ये कभी संभव नहीं हुआ। बस कभी आनलाइन या कभी स्पीड पोस्ट से राखी भेजकर संतुष्ट हो लेती ह। आज की तकनीकी दक्षता ने भले ही यह संभव बना दिया है कि वह मोबाइल में अपने भाइयों को देख सकती है लेकिन उनके स्नेहिल स्पर्श और अहसास की अनुभूति वह कभी नहीं कर पाती,उन्हें गले लगाकर ढेरों आशिर्वाद देने की लालसा, अतृप्त ही रह गई। पिता के जाने के बाद अकेली मां के लिए भी वही मनोबल और जिजीविषा की कड़ी है। कभी कभी उसे लगता है कि मां के प्रति वह अपने कर्तव्य नहीं निभा पाती,क्या एक बेटी होने के नाते? हर बार स्वाति के आने की तैयारियों में जुटी मुदिता खुद से सवाल करती है क्या मुझे हक नहीं? पर कोई जवाब नहीं होता। इसलिए अक्सर चुप रहती है और चुपचाप अपने काम पूरे करती रहती है।



पद्मा मिश्रा



एआई जेनरेटेड

अपनी यादों में खोई मुदिता की तंद्रा भंग होती है टेलिफोन की कर्कश आवाज से। अम्मा जी पूजाघर में है और पति मनीष आफिस में वह दौड़ कर फोन उठाती है,उधर से मनीष की आवाज सुनाई पड़ी मृदु ! जल्दी से तैयारी करो, मायके जाने की मां जी आई सी यू में है, दोनों भाई अकेले हैं। सुबह ही छाती में दर्द था,पड़ोसी शर्मा जी ने भर्ती करा दिया है।सुबह एक गाड़ी आयेगी तुमको लेने,जल्दी करो मैंने सारी व्यवस्था कर दी है। वह लड़खड़ा गई, आंसू आंखों में बह आये थे,,तभी मनीष ने कहा अम्माजी को फोन देना वह दौड़ कर उनको बुला लाई ,पता नहीं मनीष ने क्या कहा उनसे कि वह घबराकर बोली,जल्दी तैयार हो जाओ बहू। मुदिता ने जल्दबाजी में दो चार कपड़े रखे और तैयार हो गई,। बाहर गाड़ी हार्न दे रही थी,मुदिता का दिल घबराहट में न जाने कितने अनाप-शनाप बातें सोच रहा था। गाड़ी में बैठी हुई मुदिता स्तब्ध थी,साथ ही पीछे छोड़ आए कामों की चिंता भी थी, बच्चों को भी नहीं बता पाई,। पता नहीं कैसे सब करेंगी अम्मा जी? फिर मां के विषय में सोचती,अकेले वह कैसे संभालेगी मां को?,अचानक क्या हो गया,मेरे दोनों भाइयों का क्या होगा फिर अपनी गलत सोचों को परे धकेल देती नहीं नहीं,ये मैं क्या सोच रही हूं?तभी रेलवे स्टेशन आ गया और सामने ही मनीष मिल गये,उसे टिकट थमाते हुए बोले, आराम से चार पांच दिन तक रुक जाना जब तक मां की हालत संभल नहीं जाती" और एक बड़ा सा बैग थमा दिया,लो,इसे संभालो। तुम कुछ जरुरी सामान घर भूल आई थी। ट्रेन आई और वह बैठ गई,,वह चुप थी, केवल मनीष बोले जा रहे थे "बच्चों की चिंता मत करना, मैंने छुट्टी ले ली है,। ट्रेन आगे बढ़ गई।

शाम को कानपुर पहुंच कर उसने आटो किया और घबराती हुई घर पहुंची। गेट से ही भागते हुए घर में घुसी तो सामने जो दिखा वह चकरा कर वहीं सोफे पर बैठ गई,, सुखद आश्चर्य!! मां तो बिल्कुल ठीक थी वह दौड़ कर उनके गले लग गई "मां तुम्हारी तबियत कैसी है, तुम तो आइसीयू में,"।
अरे नहीं, मैं बिल्कुल ठीक हूं,कल से ही सुजय,विनय जिद कर रहे थे कि इस बार दीदी के हाथों से राखी बंधवायेगें और शाम तक मनीष जी को फोन कर बात भी कर ली।,ये सब मनीष जी का सुनियोजित नाटक था।स्वाति के आने से तुम बहुत व्यस्त हो गई थी इसलिए ये सब करना पड़ा, इसमें स्वाति भी शामिल है।

मनीष जी के दिये बैग में राखियां, मिठाई फल और मां के लिए साडी भी थी। मुदिता हैरान रह गयी ।रिश्तों की जिस डोर को वह संभालने के लिए अपनी इच्छाओं, सपनों को भूल गयी थी,,वे रिश्ते तो बहुत अनमोल निकले। बहुत प्यारे, यह स्नेह बंधन तो रक्षाबंधन की तरह पवित्र और बहुमूल्य है,इन्हें मैं आजीवन सहेज कर रखूंगी। वह फोन पर मनीष और स्वाति को। धन्यवाद देते रो पड़ी।

# कृष्णं वंदे जगद्गुरुम्

जब -जब धर्म की हानि होती है और अधर्म का प्रबल प्रभाव बढ़ता है,तब -तब ईश्वर स्वयं किसी रूप में प्रकट होकर जगत् का कल्याण करते हैं। श्री कृष्ण का अवतार इसका सर्वोत्तम उदाहरण है। वे केवल लीलाधर, माखनचोर या रास-रचैया नहीं अपितु' जगत् के गुरु' हैं, जिन्होंने जीवन, धर्म , नीति और प्रेम का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। जन्माष्टमी का पर्व इसी जगद्गुरु के अवतरण का दिवस है। द्वापर में जब कंस का अत्याचार चरम पर था और जनमानस भय और अन्याय से त्रस्त था,तब श्रीकृष्ण ने देवकी की कोख से जन्म लेकर अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना का व्रत लिया। यह सिर्फ एक पौराणिक कथा नहीं बल्कि अन्याय के विरुद्ध एक शाश्वत संज्ञान है।



चारुमित्रा



गोकुल और वृंदावन की गलियों में नटखट कान्हा की माखन -चोरी, बंसी की मधुर- धुन और गोपियों संग रास -लीला-ये सब उनकी सहज,सुलभ और प्रेममय छवि का प्रतीक है। लेकिन यही कृष्ण जब कुरुक्षेत्र के रणक्षेत्र में अर्जुन को उपदेश देते हैं और वे 'योगेश्वर ' बन जाते हैं।

गीता में उन्होंने कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग के माध्यम से जीवन जीने का ऐसा शास्त्र दिया,जो आज भी उतना प्रासंगिक है जितना हजारों वर्ष पूर्व था।

जन्माष्टमी केवल कृष्ण के जन्म का उत्सव नहीं, बल्कि यह सत्य, प्रेम, करुणा और कर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का दिन है। यह पर्व हमें बतलाता है कि अन्याय कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः सत्य ही विजयी होता है। यह प्रेरित करता है कि हम अपने जीवन में मधुरता और नीति का संतुलन बनाए रखें। यह स्मरण कराता है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्म से ही भाग्य का निर्माता होता है -जैसा कि गीता में कृष्ण ने कहा -"कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।" कृष्ण का जीवन एक बहुरंगी इंद्रधनुष की तरह है -जिसमें बालसुलभ चंचलता भी है, मित्रता और प्रेम की गहराई भी, नीति और नीति-भंग दोनों के संतुलित प्रयोग का कौशल भी, और अंततः आत्मा को मोक्ष की ओर ले जाने वाले शिक्षा भी।इसलिए हम श्रद्धा से कहते हैं -"कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम्"-कृष्ण जो संपूर्ण विश्व के गुरु हैं, हम उनकी वंदना करते हैं।

## नवल भारत

सजा रहे तीन रंग से धरा गगन,
भरा रहे खुशियों से हिंद का चमन।
ऊंचा रहे मस्तक सदा झुके नही कभी,
दिखा न सके आंख कोई बंधे रहे सभी।
चल पड़ा है हिंद रुकेगा नहीं कभी,
चूम लिया है चाँद को
चूमेगा अब रवि ।
खड़ा है सीना तानकर
विश्व में है खलबली,
वीरों ने दिखाया दम
आंधी ऐसी चली।
इक्कीसवीं सदी का हिंद
खड़ा है शान से,
जल थल से दिखा रहा आंख आसमान से।
कहता नहीं भारत अब करके दिखाता है,
दुश्मनों के घर में घुसकर अपनी ताक़त दिखाता है।
झपट पड़े है बाज की भाँति जो देखे टेड़ी आंखों से,
विश्व गुरु का ताज पहन दम अपना दिखाता है।
छेड़ोगे तो छोड़ेगा नहीं हिंद की वाणी,
टूट पड़ेगा अरि पर बनकर वह दामिनी।
आजाद भारत का नवल रूप गढ़ा है,
झंडा रहे ऊँचा हर लहू बोल रहा है।



सविता गुप्ता

काव्य कोना

## जरूरी तो नहीं!

इतिहास की कब्र खोदने से
भविष्य सँवर जाए, जरूरी तो नहीं
अपनों से खुद को दूर करने से
दूसरे करीब आ जाए, जरूरी तो नहीं!
हार पर हार के सिलसिला पर भी
आदमी मेहनत ना करे, जरूरी तो नहीं
गगन में इच्छा का महल बनाने से
ज़मीं पर महल बन जाए, जरूरी तो नहीं!
दोस्त दुश्मन बन जाए घर
दुश्मन दोस्त बन जाए, जरूरी तो नहीं
दोस्त-दोस्त दिखना तो आसान है
दोस्ती का कर्ज-फर्ज अदा हो जाए, जरूरी तो नहीं!
गैरों से मीठी बातें, मनुहार
अपनों से अपनत्व बढ़ जाए, जरूरी तो नहीं
अस्थियों के विसर्जन करने से
यादों का विसर्जन हो जाए, जरूरी तो नहीं!
माटी डालने तो अपने ही आएंगे
दूसरे देखने भी आ जाये, जरूरी तो नहीं
इतिहास की कब्र खोदने से
भविष्य सँवर जाए, जरूरी तो नहीं!

नाग मणि

# पूस.... पूसालो



गीता सिन्हा गीतांजलि



गांव में डालेश्वर चा की वीरता और शौर्य की कई कहानियाँ प्रचलित थीं। उनके जीवनानुभवों में कुछ ऐसी कहानियाँ थीं जो जंगली जीवन से संबंधित थीं। कुछ ट्रक चालन करते हुए खतरों से बच निकलने की बातें थीं। कुछ ऐसी कहानियाँ भी थी जिसमें उनके विवाह न करने की कसमें खाते हुए, घर आए लड़की वालों को भगा देने की बातें थी। पर हम बच्चों की दिलचस्पी सिर्फ जंगली जीवन और जानवरों से संबंधित कहानियों से थीं।

गाँव में चावल- दाल, गेहूँ - आटा, दूध - दही , बेसन, पापड़, अचार, गुड़ही लड्डू और खाजा बेचने वाला एक ही दुकान था। हम उसे "मोदी दुकान" कहते थे। मेरे घर से मोदी दुकान जाने के लिए एक ही रास्ता था, जो बेलतर से होकर गुजरता था। एक शाम मैं पैसे लेकर जब मोदी दुकान चायपत्ती, चीनी लेने चली तो मेरे आस-पास के सभी बच्चों को बेलतर जमा पाई। बेलतर पहुँचने पर पता चला " डालेश्वर चा कहानी सुना रहे हैं?" फिर वही जंगली कथा...... एक रात आदिवासियों की बस्ती में गुजरने की मजबूरी.... पूस की जाड़ेवाली रात....... कंपकंपी और पुवाल का बिछावना, पुवाल का ओढ़ना...... बाघ आने का खतरा......।

मैं वहाँ रुकी, तो रुकते ही समझ गई कहानी के आरंभिक अंश निकल चुके हैं। सभी बच्चे जमीन पर सांसें रोक कर बैठे हैं।....... अब आगे क्या होने वाला है? सबके चेहरे पर उत्सुकता और भय..... मैं भी जमीन पर बैठ गई।

डालेसर चा बोले - - - गाँव में अगहन की धनकटनी के बाद सभी "पूसालो" मनाते हैं। यहाँ इसे पिकनिक नहीं कहते हैं। वे पूस आने पर जंगल में खाना पकाकर खाने को पूसालो कहते हैं। वैसे ही पूस का एक ठंड भरा दिन था, जब पूरा गाँव "पूसालो "मनाने जंगल की ओर जाता था। हर घर से चावल, दाल, पैसा मिलता और दो लोग सारा इंतजाम करते। गाँव की स्त्रियाँ, बच्चे, बूढ़े तैयार हो होकर बैलगाड़ियों में बैठते और काफिला चल पड़ता जंगल की ओर।

बेलकुसी नदी के पार करते ही वह स्थल आ जाता, जहाँ बड़े छोटे पत्थर होते जो चूल्हा बनाने के काम में आते थे। इस काम में स्त्रियाँ लग जातीं। चावल, दाल, गोभी - आलू की सब्जी और बेसन के पकोड़े...... खाते- पीते तीन, साढ़े तीन बज गए थे। स्त्रियाँ बेलकुसी नदी में बर्तन मांजने लगी। तब गाँव के बुजुर्ग रघुनाथ बा ने कहा - - - ऐसा करते हैं जो बैलगाड़ियां हैं उनमें पहले स्त्रियाँ और बच्चे गाँव की ओर प्रस्थान करें... फिर हम सब...... लौटेंगे। नौ दस बैलगाड़ियों में जितने अँटे उन्हें गाँव भेज दिया गया।

शाम हो चली थी। जंगल की ठंडी हवा हमें डरा रही थी। उन दिनों गर्म कपड़ों का प्रायः अभाव था जो बहुत खल रहा था। हम दस बारह जन जो छूट गए थे उनका जाने का इंतजाम हो नहीं पा रहा था, क्योंकि गाँव इस नदी से बारह कोस की दूरी पर था। जहाँ हमारा भोजन पका था वहाँ से कुछ दूरी पर आदिवासियों की झोपड़ियाँ दिख रही थी।...... हम वहीं चले गए और रात यहीं बिताने की बात उन्हें बताए। एक आदमी झोपड़ी से निकला और बोला---" तुम सब बैरिया गाँव के हो? यहाँ तो हमारे पास पुवाल का बिछावन है और पुवाल का ही ओढ़ना...... और एक बात बता दूँ...... रात को जंगल से कभी-कभी बाघ भी आ जाता है। कैसे ठहरावें?" वह अपनी मजबूरी और आपदा आने की आशंका बता रहा था।

जब उसने देखा अचानक आई यह आपदा जाने वाली नहीं है तो झोपड़ी के सामने, पेड़ के नीचे रखी टहनियों को इकट्ठा कर अलाव जलाया, बैठने के लिए बाँस की टूटी कुर्सियाँ लाया।

हम वहीं जम गए। पुआल के बिस्तर पर बैठकर गप्पें लड़ाते रहे। रात गहराने लगी थी। बीच-बीच में सियारों की आवाज़ें.... हुआ..... हुआ..... सुनाई पड़ती फिर एक चुप्पी, सन्नाटा....... झोपड़ी में रह रहा परिवार भी सो चुका था। एकमात्र जलती डिबिया भी तेल खत्म होने के कारण बुझ रही थी। तभी आठ दस जनों को संबोधित करके मेरी (डालेसर चा) आवाज़ें गूंजी - - - "अगर बाघ आ जाए तो सभी सांस रोक कर लाश बनकर पड़े रहें..... जब तक की बाघ सूंघ सांघकर चला न जाए।" सभी ने हामी भरी। रात करीब बारह एक के बीच का समय रहा होगा जब किसी भारी भरकम पैरों की हल्की आवाज़ें आई। हम सांस रोक कर पड़े रहे। जरा भी शरीर में हरकत होने का मतलब था मौत....... वो भी बाघ के पेट में.....।

एक प्रकार की गंध जो प्रायः जानवरों के शरीर की होती है आ रही थी...... फिर भी हम लाश बनकर पड़े रहे.... करीब करीब दस पंद्रह मिनट के बाद बाघ जा चुका था सचमुच। फिर भी हम पड़े थे। हमारी सचमुच सांसें रुकती अनुभव हो रही थी। मैं चिल्लाया - - - - सभी सुरक्षित तो हैं? रघुनाथ बा आपका पौत्र मोहन, विनय, राघव, माधव...... सब ने उठकर अपना चेहरा दिखाया। तेरह वर्षीय मोहन पुआल के भीतर से चेहरा निकाला - - - - - और बोला--"मैं भगवान का नाम लेता रहा, लाश बनकर पड़ा रहा ...अगर बाघ को पता चले कि आदमी मृत है तो वह आक्रमण नहीं करता
डालेसर चा, बाघों के इस स्वभाव के बारे में आपको कैसे पता? "
मैं सकपकाया।.... इतना ही बोल सका.... "मैं कहीं पढ़ा था लेकिन आज इसे सच पाया।"
पौ फटने ही वाला था। हम नई जिंदगी पाए इंसान की तरह उठ बैठे थे। झोपड़ी के भीतर से वह आदिवासी स्त्री लकड़ी जलाकर चाय की केतली आग पर रख रही थी। हम सब गाँव की ओर जाने के लिए तैयार थे।

डालेसर चा कहानी खत्म कर चुके थे। तब मुझे याद आई माँ चाय पत्ती, चीनी का इंतजार कर रही होगी। भागी - भागी चायपत्ती, चीनी लेकर घर पहुँची। कई दिनों तक, महीनों, यह कहानी बाघ के आक्रमण न करने और सूंघकर चले जाने की बातें दिमाग में घूमती रही।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## आज का दोहा

आजादी के दिन लिए, गए, कई संकल्प।
कभी गल्प थी बात, अब, नूतन खड़े प्रकल्प।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बरकट्ठा में तिरंगे के ध्वजारोहण के बाद गूंजे देश भक्ति गीत



नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड के सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों एवं राजनीतिक दलों के कार्यालय में शान से तिरंगा फहराया गया। इस क्रम में स्वतंत्रता दिवस पर शिक्षण संस्थानों में झंडोत्तोलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख रेणू देवी, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरकट्ठा में बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपांचो एवं मान सरोवर पब्लिक स्कूल घंघरी में विधायक अमित कुमार यादव ने झंडोत्तोलन किया। बरकट्ठा थाना में थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ रत्ना रानी कुंज, गोरहर थाना में प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, विधायक आवासीय कार्यालय में मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, छोटानागपुर उच्च विद्यालय बेडोकला में विधायक अमित कुमार यादव, उत्क्रमित कन्या उवि बेलकप्पी में संजय कुमार दास, प्लस टू हाई स्कूल बरकट्ठा में प्राचार्य रविंद्र कुमार पांडेय, मध्य विद्यालय बरकट्ठा में राम किशुन महतो, एसपीए गुरुकुल स्कूल गोरहर में कार्तिक करण देव, द डिस्सिपल पब्लिक स्कूल बंडासिंगा में ललिता देवी, विजन वर्ल्ड स्कूल घंघरी में प्रेम गुप्ता, बरकट्ठा उत्तरी पंचायत भवन में मुखिया प्रमिला देवी, दक्षिणी में अब्बास अंसारी, चेचकप्पी में रीता देवी, तुईयो में शंकर रविदास समेत कई सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों में झंडोत्तोलन किया गया। इस दौरान कई संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए तथा भक्ति गीतों से वातावरण गुंजायमान रहा ।

# सेक्टर 8 के जर्जर पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से रूट डायवर्ट

नवीन मेल संवाददाता

सेक्टर 8 का जर्जर पुलिया के टूट जाने से छठव्रति उस रास्ते से जाने को लेकर चिंतित हैं। क्योंकि उस पुल के माध्यम से सेक्टर 8 से सेक्टर 4 व सेक्टर 6 जाने का एकमात्र रास्ता है। जबकि अन्य रास्ता थोड़ी दूर हो जाने से लोग इसी पुल की सहायता से कम समय में सेक्टर 4 एफ होते हुए सेक्टर 6 तक जा पाते थे। लेकिन अचानक उस जर्जर पुल के बीच में ही क्षतिग्रस्त होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बांस के सहारे बंद कर दिया गया है। लोगों को अब सेक्टर 4 एफ सूर्य सरोवर छठ घाट जाने के लिए सेक्टर 11 या काली बाड़ी मोड़ होते हुए जाना पड़ेगा। सेक्टर 8 के इस पुल के माध्यम से बीआईएसएस 8 बी स्कूल के छात्र-छात्राएं समेत उनके अभिभावक भी इसी के सहारे कम समय में स्कूल पहुंचते। इस जर्जर पुलिया के टूट जाने के बाद अब छठ व्रत करने वाले परिवार के लोग व स्वयंसेवी संस्था की ओर से इस टूटे हुए पुल को मरम्मत कर आने जाने के लिए रास्ता बनाने की तैयारी कर रहे हैं। जिससे अगर रविवार तक पुलिया का मरम्मत कर दिया जाता है तो अब छठव्रति उसी पुल से सेक्टर 4 एफ सूर्य सरोवर छठ घाट तक आसानी से आ जा सकेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### मेरमगड्डा मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल



बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के जीटी रोड स्थित मेरमगड्डा मोड के समीप शुक्रवार शाम को मेरमगड्डा के तीन युवक मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इस दौरान मोड़ के पास एक उपचालक के द्वारा रोड क्रॉस किया जा रहा था जिसे बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई इससे उपचालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।मृतक की पहचान राजन अंसारी पिता सादिक अंसारी उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है। वहीं घायलों में नौशाद अंसारी पिता बशीर मियां, शहजाद अंसारी पिता शमसुद्दीन अंसारी के अलावे ट्रक उपचालक घायल हो गए जिनका नाम पता नहीं चल पाया । तत्पश्चात सभी घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग भेजा गया जिसमें शहजाद अंसारी की स्थिति अत्यंत नाजुक होने के कारण रांची रेफर किया गया ।

### हजारीबाग में पेट्रोल पंप मैनेजर से 2.80 लाख की लूट

**हजारीबाग।** हजीरीबाग में अपराधियों ने पेट्रोल पंप मैनेजर पर हमला कर करीब 2.80 लाख रुपये लूट लिए। यह घटना शहर के खिरगांव स्थित आरआर पेट्रोल पंप के मैनेजर अवधेश कुमार के साथ हुई। अवधेश कुमार दिन भर का कलेक्शन लेकर बैंक की छुट्टी होने के कारण रुपये पेट्रोल पंप के मालिक के घर इमली कोठी चौक ले जा रहे थे। तभी नमस्कार चौक के पास अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। अपराधियों ने उन पर फायरिंग की, जिससे वे अपनी बाइक से गिर गए और उनके हाथ में चोट आई। इसी दौरान अपराधी रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना को अंजाम देने से पहले अपराधियों ने मैनेजर की रेकी की थी।पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने भी बताया कि पिछले कुछ दिनों से कुछ संदिग्ध लोग पंप के आसपास घूम रहे थे। घायल मैनेजर अवधेश कुमार को तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास और पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है, ताकि अपराधियों और उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए वाहन का पता लगाया जा सके।

### जंगल से फुटका उठाने गए युवक को हाथियों ने कुचला,घटनास्थल पर हुई मौत

**बरकट्ठा।** चलकुशा थाना क्षेत्र के मनैया पंचायत अंतर्गत ग्राम बनगांवा जंगल में हाथियों के झुंड ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार की सुबह जंगल से फूटका उठाने गए बनगांवा निवासी सरयू साव 55 वर्ष, पिता खागो साव को हाथियों के झुंड ने कुचल डाला जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी वन विभाग टीम को मिलते ही स्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को 50हजार का मुआवजा दिया।

साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा चार लाख का मुआवजा जल्द मिलेगा।वहीं मृतक के परिजनों को रोरोकर बुरा हाल है। घटना की सुचना मिलते ही प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी, मुखिया लखिया देवी ,केदार यादव ने पीड़ित परिवार से मिल कर हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। लोगों के मुताबिक चार हाथियों का झुंड बनगांवा जंगल में डेरा डाले हुए है। वन विभाग की टीम में संटू कुमार, सिकंदर कुमार समेत अन्य लोगों ने ग्रामीणों को अभी जंगल नहीं जाने की अपील की है। घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कतरास कोयलांचल में शान से लहराया तिरंगा झंडा

**कतरास।** कतरास कोयलांचल में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन शुक्रवार को सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों व संस्थानों में शान से तिरंगा झंडा फराहया गया। मौके पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया एवं प्रभात फेरी निकाली गयी। डीएवी प्लस टू उच्च विद्यालय में अध्यक्ष सह सांसद ढुलू महतो, आर्य व्यायामशाला में ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कुमार झा, सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह में अध्यक्ष प्रदीप खेमका, होली मदर्स एकेडमी में विद्यालय के एग्जीक्यूटिव चेयरपर्सन विजया राय, किड्स केयर रानीबाजार में प्राचार्य दिलीप कुमार वर्मा, डीपीएस पब्लिक स्कूल कतरास में प्राचार्या एम गुप्ता, डीएवी महिला महाविद्यालय में सुषमा चतुर्वेदी ने झंडोत्तोलन किया। जबकि एसडीपीओ बाघमारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय सिजुआ में डीएसपी पुरूषोत्तम कुमार सिंह, कतरास थाना में प्रभारी असित कुमार सिंह, रामकनाली ओपी में प्रभारी संतोष कुमार रवि, धर्माबांध ओपी में प्रभारी मनोज कुमार पांडेय, सोनारडीह ओपी में प्रभारी दिलीप पाल, महिला एवं बाल संरक्षण थाना बाघमारा में प्रभारी वर्षा रानी मिंज आदि ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। बीसीसीएल के एरिया तीन कार्यालय में जीएम केके सिंह, एबीजीसी में पीओ एसके शरण, न्यू आकाशकिनारी कोलियरी कार्यालय में जेके जयसवाल, चैतुडीह कोलियरी कार्यालय में मो. इलियास ने झंडोत्तोलन किया। इसी तरह जमसं (कुंती गुट) के केन्द्रीय उपाध्यक्ष रोहित यादव ने तेतुलिया स्थित आवासीय कार्यालय में झंडोत्तोलन किया। धनबाद नगर निगम अंचल कतरास परिसर में सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी एवं आरिका वर्ल्ड अस्पताल में अरूण कुमार तिवारी, श्रीकृष्णा मातृ सदन में डॉ ममता झा रूद्रांशी, श्री गंगा गौशाला कतरास में महासचिव महेश कुमार अग्रवाल, कांको स्थित आवासीय कार्यालय में झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सूरज महतो ने झंडोत्तोलन किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक के छात्रों ने मोहा मन



**पाकुड़।** पॉलिटेक्निक में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष और देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया। कॉलेज के निदेशक अमिया रंजन बडाजेना, कॉलेज के प्रशासनिक प्रमुख निखिल चंद्र और कॉलेज की प्राचार्या सुषमा यादव की उपस्थिति में संस्थान के सफाई कर्मी के हाथों राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अनोखी पहल ने उपस्थित सभी को भावुक कर दिया और समाज में समानता, सम्मान और एकता का सशक्त संदेश दिया। ध्वजारोपण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ, जिसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। छात्रों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और कविता पाठ के माध्यम से देश के प्रति अपनी श्रद्धा और गर्व व्यक्त किया।

## विहिप के स्थापना दिवस पर रामरेखा धाम में विधिवत रूप से हुई पूजा



**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद की 61वीं स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को रामरेखा धाम परिसर में विधिवत पूजन-पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा स्थापना दिवस पखवाड़ा की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अगुवाई विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने की।पूजन कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, राधा-कृष्ण एवं भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा तथा भाई बलभद्र के विग्रहों की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस दौरान पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन की गूंज से एक दिव्य और आध्यात्मिक माहौल बन गया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा कि आज का दिन हम सभी हिंदुओं के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। 29 अगस्त 1964 को मुंबई में श्री चिन्नास्वामी राजगोपालाचारी, स्वामी चिन्मयानंद, एम. एस. गोलवलकर और अन्य विद्वानों व संतों की प्रेरणा से विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर में बिखरे हिंदू समाज को एक सूत्र में जोड़ना और सनातन धर्म, संस्कृति एवं परंपराओं की रक्षा करना है। विहिप का प्रमुख लक्ष्य जाति, भाषा, क्षेत्र और पंथ के भेदभाव को समाप्त कर समाज में समरसता लाना तथा हिंदू समाज को आत्मगौरव, आत्मरक्षा और धर्म रक्षा के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा गौ-रक्षा, धार्मिक शिक्षा, सामाजिक उत्थान और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है "धर्मो रक्षति रक्षितः" अर्थात् जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। यही संदेश विश्व हिंदू परिषद की कार्यप्रणाली का मूल आधार है।इस मौके पर बतौर वक्ता नारायण दास ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद न केवल संगठनात्मक दृष्टि से, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्तर पर भी हिंदू समाज को सशक्त बना रहा है।

## 6 पैकेट में रांची से बाराचट्टी ले जाया जा रहा था नशीली पदार्थ

# बस से 12 किग्रा गांजा बरामद एक गिरफ्तार, तीन नामजद

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** बूटी मोड़ रांची से गया जा रही बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बस संख्या बीआर-01 पीएल 9498 से बरही पुलिस ने 12 किग्रा गांजा बरामद किया है. यह गांजा बस की डिक्की में एक बड़ा बंडल में दो किग्रा के 6 विभिन्न पैकेट में बनाकर रखा गया था. जिसे बिहार के गया जिलांतर्गत बाराचट्टी ले जाना था. उक्त बातें छापेमारी अभियान के दौरान गिरफ्तार युवक रंजन कुमार (23 वर्ष) पिता स्व नरेश यादव ग्राम दौअधरपुर थाना टेकारी जिला गया ने बरही पुलिस को दी. गिरफ्तार युवक ने बताया कि उक्त पैकेट रांची के राहुल राज व दो तीन व्यक्ति ने उन्हें बाराचट्टी ले जाने के लिए दिया थी. मामले के संबंध में सब इंस्पेक्टर मृत्युंजय सिंह के लिखित बयान पर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है. जिसमे गिरफ्तार व्यक्ति सहित राहुल, राज और दो तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किए जा चुके हैं. गांजा परिवहन की जानकारी मिलते ही सब इंस्पेक्टर से सिंह ने एसडीपीओ को जानकारी दी और गश्ती दल के आरक्षी गंगा उरांव व जयमसी खलखो के साथ हजारीबाग रोड में बस का इंतजार करने लगे. इसी क्रम में 10.24 बजे आरके होटल के समीप वह गाड़ी आई. जिसे रोका गया और बस कंडक्टर रंजन कुमार पिता झरी साव से जानकारी ली गई. कंडक्टर के निशानदेही पर बस की डिक्की में रखा पैकेट की जानकारी लिया गया. जिसके रखने के बारे में कंडक्टर ने बस में बैठे रंजन कुमार को बताते हुए मिलवाया. युवक ने पैकेट्स रखने की बात स्वीकारते हुए पेकेट देनेवालों की जानकारी दिया. पुलिस ने जब्त पैकेट को उक्त युवक, कंडक्टर और चालक रामकुमार भारती पिता स्व विश्वनाथ भारती तथा दो स्वतंत्र गवाह को उपस्थिति में खोला गया. खोले गए पैकेट्स में 2 किग्रा गांजा के 6 पैकेट्स बरामद किए गए. तलाशी के दौरान एसडीपीओ श्री बिमल भी मौजूद थे. उक्त जानकारी प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ श्री बिमल ने दी. प्रेस वार्ता में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी भी मौजूद थे.

### झाकोमयू कार्यालय में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि

अलकडीहा। झाकोमयू एवं झारखंड युवा मोर्चा की ओर से चांदकुइयां मोड़ कार्यालय में गुरुवार को संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि झामुमो नेता एवं आंदोलनकारी युद्धेश्वर सिंह ने दिशोम गुरु की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। सभा में मुख्य रूप से झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के हराधन रजवार, उमाशंकर चौहान, प्रभाष सिंह, कन्हाई सिंह, हीरालाल गोराई, हाराधन मोदक, विजय सिंह, कृष्णा सिंह आदि लोगों ने भी गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अन्य ट्रेड यूनियनों से बबीता शर्मा, संतोष मोदक, धर्मेंद्र राय, तुलसी रवानी, भोला सिंह, शैलेन्द्र सिंह, विकास सिंह, निमाई सिंह आदि ने भी गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं झामुमो बलियापुर प्रखंड से सचिव निर्मल रजवार, प्राण राय, विजय महतो, हरधन महतो, प्रताप सिंह, बिरजू महतो, जयनारायण सिंह, रोशन सिंह, समरेश सिंह, फलली सिंह आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की। अध्यक्षता झाकोमयू के प्रभास सिंह एवं संचालन युवा मोर्चा के विजय सिंह ने किया।

## भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट प्राथमिकी दर्ज जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता





**बरही।** शनिवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे बरसोत निवासी अधिवक्ता सुनील बख्शी (67) और उनके छोटे भाई अनिल बख्शी को हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है. वही उनके भतीजा व अन्य को गंभीर रूप से चोट लगे है. मामले के संबध में सुनील कुमार बख्शी के लिखित शिकायत पर 12 लोगो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है. अभियुक्तों में विनोद ठाकुर पिता स्व लालो ठाकुर, सुनील ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, अनिल ठाकुर, चंदन ठाकुर सभी के पिता लालो ठाकुर, पप्पू ठाकुर, पंकज ठाकुर दोनो के पिता बालेश्वर ठाकुर, मनोज ठाकुर, रानू ठाकुर दोनो के पिता बिजली ठाकुर, सुधीर ठाकुर, संदीप ठाकुर दोनो के पिता विनोद ठाकुर और अर्जुन ठाकुर के नाम शामिल हैं. आरोप है कि शनिवार की सुबह सभी अभियुक्त हरवे हथियार से लैस होकर पीड़ित के घर के गाली गलौज कर रहे थे. कारण पूछने पर टांगी और लाठी से हमला कर दिए. जिससे सुनील बख्शी को गंभीर चोट लगी वही अनिल बख्शी का सर फट गया है. बीच बचाव के लिए आए उनके भतीजा को भी मारकर जख्मी किया गया. हो हल्ला करने पर आस पास के लोग आए और हमलावर भाग गए. परिजनों व स्थानीय लोगों की मदद से पीड़ितों को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां स्थिति को गंभीर बताते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिकी इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया. मामला जमीन विवाद से संबंधित बताया जा रहा है. पुलिस मामला दर्ज कर छान बीन में जुट गई है.परिजनो ने मामले को जमीन विवाद से संबधित बताया है.

### दूसरे पक्ष ने भी दर्ज करवाई प्राथमिकी

वहीं मामले को लेकर दूसरे पक्ष की ओर से मनवा देवी पति मोती ठाकुर ने बरही थाना में आवेदन देकर 7 लोगों को अभियुक्त बनाया है. प्राथमिकी के अनुसार आवेदनकर्ता ने बताया कि वह अपने जमीन पर शनिवार को सफाई कर रही थी. इसी दौरान बरसोत निवासी सुनील बख्शी व अनिल बख्शी पिता स्व बद्री लाल बख्शी, अमित रंजन व अंकित रंजन पिता अनिल बक्शी, विजय कुमार बक्शी व महिला, गीता बख्शी पति अनिल बख्शी और मंजुला बक्शी पति सुनील बक्शी सभी हरवे हथियार से लैस होकर जमीन पर पहुंचे. उन्हें पटक कर उनके साथ मार पीट किया. जिससे वह जख्मी हो गई, हो हल्ला करने पर आस पास के लोग आए. जिसे देखकर हमलावर भागने लगे इसी क्रम में अनिल बख्शी झाड़ी में गिर गया और उसे चोट भी लगी. मामले के संबंध में पुलिस मामला दर्ज कर छान बीन में जुट गई है.

## फर्जी नंबर प्लेट लगे हाईवा में करंट दौड़ने से खलासी की मौत



**धनबाद।** फर्जी नंबर प्लेट लगा हाईवा में करंट दौड़ने से खलासी की मौत। मौके पर पहुंचे बाघमारा सीओ गिरजानंद किस्कू दिया सरकारी लाभ का आश्वासन। हाईवा में लगा था फर्जी नंबर प्लेट हाईवा का अंदर से तीन फर्जी नंबर प्लेट बरामद।

### प्रखंड मैदान से बाईक की हुई चोरी, मामला दर्ज

**बरही।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रखंड मैदान से एक ग्लैमर बाईक चोरी होने का मामला सामने आया है. मामले को लेकर सिंहपुर निवासी अर्जुन रविदास पिता स्व रामेश्वर दास ने थाना में रपट लिखवाई है. दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आवेदनकर्ता ने थाना को बताया है कि 15 अगस्त को वह प्रखंड मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को देखने अपने बाईक संख्या जेएच 02एवी 4556 से आए थे. इसी क्रम में वह अपना बाईक प्रखंड मैदान में लगाए थे. दस मिनट के बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी गाड़ी नहीं थी.

### कतरी नदी में डूबने से युवक की हुई मौत

कतरास। केशलपुर मुंडा धौड़ा निवासी दैनिक मजदूर जीतन भुइयां (17) की मौत कतरी नदी में डूबने से हो गई। शनिवार की सुबह शिव मोहल्ला के समीप कतरी नदी के किनारे झाड़ियों में फंसा उसका शव मिला। जिसके बाद आस-पड़ोस के लोगों ने शव को नदी से निकाला और मुंडा धौड़ा ले गए। जहां परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की मां बसंती देवी ने बताया कि जीतन शुक्रवार की देर शाम कतरी नदी में स्नान करने गया था। नदी तट पर वह कपड़ा साफ कर रहा था। इसी बीच वह नदी में गिर गया और पानी में बहने लगा। स्थानीय युवकों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक वह आगे नदी की गहराई में जा चुका था। स्थानीय लोगों ने रात में भी नदी में उसे खोजने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिला। शनिवार सुबह उसके शव को किसी ने नदी किनारे एक झाड़ी में फंसा देखा तो लोगों की भीड़ जुट गयी। इसी बीच उसके शव की पहचान परिजनों ने की।

**सभा का आयोजन** — खतियान अधिकार सभा सह मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित

# झारखंड का विकास जयराम महतो के हाथों ही संभव है : रमेश कुमार महतो

नवीन मेल संवाददाता

- **जयराम महतो आज के समय में एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा है। लोग उनकी विचारधारा से ही इस पार्टी में ज्वाइन कर रहे हैं**



**रामगढ़।** शनिवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के पतरातू प्रखंड अंतर्गत रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के 25 नंबर वार्ड तेलियातु में एक बैठक आयोजित हुई । इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 24 अगस्त को अंबेडकर पार्क, न्यू मार्केट, पीटीपीएस पतरातु मे पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो का खतियान अधिकार सभा सह मिलन समारोह कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रम को सुचारू एवं सुनियोजित ढंग से सफल बनाने को लेकर बैठक की गई। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड का विकास जयराम महतो के हाथों ही संभव है। इस बैठक में सभी लोगों ने अपना बहुमूल्य विचार एवं सुझाव दिए। जयराम महतो के विचार धारा से प्रभावित होकर सभी समुदाय के लोग जुड़ रहे हैं। बैठक में लोगों ने कहा कि झारखंड का विकास जयराम महतो के हाथों ही संभव है क्योंकि झारखंड की वर्तमान स्थिति ऐसी बनी हुई है, जिसमें आज तक परिभाषित नहीं हो पाया है की झारखंडी कौन है। यहां के हक अधिकार से स्थानीय लोग भी वंचित है। झारखंड में खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति, उद्योग नीति बनने पर ही यहां के लोगों को हक अधिकार मिल सकता है या संभव है। इस पार्टी में गरीब, वंचित, पिछड़े वर्ग, दबे, कुचले, शोषित, पीड़ित लोगों की एक उम्मीद जा चुकी है जयराम महतो के प्रति। जयराम महतो आज के समय में एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा है । लोग उनकी विचारधारा से ही इस पार्टी में ज्वाइन कर रहे हैं । सभी समुदाय के लोग जन-जन तक इनके विचारधाराओं को लेकर जा रहे हैं । इस राज्य के वैकेंसी में पहला अधिकार यहां के नौजवानों को योगदान ,अवसर और अधिकार मिलना चाहिए। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, नेता गिरीशंकर महतो, श्याम सुंदर महतो, उमेश महतो, सुरेंद्र महतो , शनि महतो, विजय साहू, कमलेश सिंह, सोनी देवी, किरण पटेल, सुनीता देवी, सरिता देवी, मीना देवी ,रेशमा देवी, बासो देवी, जयंती देवी ,प्रकाश महतो, मँहगु महतो, कबूतर महतो, रामा महतो, कैलाश महतो, ब्रह्मदेव महतो, वीरू महतो, सुमित महतो, रामकृष्ण महतो, भोला महतो, सुरेंद्र महतो, महेश महतो शामिल थे ।

## गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स में राष्ट्रीय पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8:40 बजे चेंबर कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने तिरंगा फहराया और सभी सदस्यों के साथ राष्ट्रगान गाया।
अपने संबोधन में अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि "आजादी हमारे पूर्वजों और क्रांतिकारी नेताओं के बलिदान से मिली है। हमें इसके मूल्यों को समझते हुए एकजुट होकर देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए।" इस मौके पर चेंबर के पदाधिकारी—क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, उपाध्यक्ष राजेश लोहानी, सचिव बब्लू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित मंत्री गोलू, पीआरओ आदित्य गुप्ता व प्रतीक अग्रवाल, मीडिया प्रभारी इम्तेयाज़ मिंनी, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा,

### 79वें स्वतंत्रता दिवस पर गुमला में ध्वजारोहण व अशोक स्तंभ का किया गया लोकार्पण

# यह स्तंभ भारत की गौरवशाली धरोहर और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर गुमला जिला देशभक्ति के रंग में रंगा रहा। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने अपने आवासीय कार्यालय, समाहरणालय परिसर एवं गृह रक्षा वाहिनी में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस मौके पर राष्ट्रगान और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूँज उठा।
उपायुक्त ने शहीद स्मारक, महात्मा गांधी एवं भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया। उन्होंने एकता, अखंडता और प्रगति के लिए सभी से निरंतर योगदान की अपील की।
कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समाहरणालय परिसर में अशोक स्तंभ का भव्य उद्घाटन रहा। उपायुक्त ने कहा कि यह स्तंभ भारत



की गौरवशाली धरोहर और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों को सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मी, गृह रक्षा वाहिनी के जवान, स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। पूरा परिसर तिरंगे और देशभक्ति के नारों से सराबोर रहा।

## नेशनल पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई(गुमला)।** नेशनल पब्लिक स्कूल, थाना रोड, सिसई में 79 वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि प्रमुख मीना देवी, जिप सदस्य विजयलक्ष्मी कुमारी ,एच एम योगेन्द्र बड़ाइक व प्रबंध निदेशक महमूद आलम अंसारी द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के परेड कैडेटों ने विद्यालय परिसर के अलावा शहीद शेख भिखारी चौक, शहीद लोहरा उरांव स्मारक व सिसई थाना में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियां दीं, जिनमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और देशप्रेम की झलक देखने को मिली। प्रधानाचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ और अनुशासित नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित थे।

## एक्सेल डाटा सर्विसेस के द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** 15 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री सारथी योजना अन्तर्गत एक्सेल डाटा सर्विसेस के प्रशिक्षण केंद्र कुदरा मोड़ सिसई में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दिन हमारे देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी दिन 1947 में हमें अंग्रेजी शासन से आजादी प्राप्त हुई थी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10:30 बजे केंद्र प्रबंधक महोदय रायमल यादव द्वारा ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद राष्ट्रीय गान गाया गया। प्रशिक्षण केंद्र के छात्रों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को देश सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। अंत में 'वंदे मातरम्' के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।
पूरे प्रशिक्षण केंद्र में देशभक्ति का वातावरण व्याप्त था। सभी ने मिलकर स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने का संकल्प लिया। मौके पर शिक्षक नन्द किशोर जी, नूपुर कुमारी, प्रमिला जी संध्या विश्वकर्मा, सुषमा, होलिका, रफत अंजूम के साथ साथ कई अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## बसिया में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**बसिया (गुमला)।** बसिया में पूरे पारंपरिक अंदाज के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अनुमंडल कार्यालय परिसर में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया जहाँ अनुमंडल पदाधिकारी जयवंती देवगम ने झंडोत्तोलन किया। झंडोत्तोलन के उपरांत अनुमंडल के सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता न केवल हमारा अधिकार है बल्कि इसमें हमारी जवाबदेही भी छुपी हुई है। ऐसे में इसके मान को बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। अनुमंडल मुख्यालय के अतिरिक्त पालकोट, बसिया और कामडारा के प्रखंड कार्यालयों, सभी थाना भवनों, पंचायत मुख्यालयों, विद्यालयों व सार्वजनिक स्थानों से झंडोत्तोलन की सूचना है।

## दिशा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी, में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** 15 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री सारथी योजना,झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन (जेएसडीएम) के अंतर्गत संचालित दिशा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी प्रशिक्षण केंद्र बसिया रोड सिसई में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय रमेश कुमार यादव प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों, प्रशिक्षणार्थियों एवं स्थानीय समुदाय के गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में बीडीओ सर ने स्वतंत्रता के महत्व, राष्ट्रीय एकता, और समाज के विकास में शिक्षा की भूमिका को रेखांकित किया। साथ



ही उन्होंने सभी उपस्थितजनों को राष्ट्र के विकास और सामाजिक कल्याण कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह का वातावरण पूर्ण रूप से देशभक्ति से ओत-प्रोत रहा, जिसमें सभी ने मिलकर राष्ट्रीय गान गाया। एवं देश के वीर सपूतों को यादकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम का समापन मिठाइयों के वितरण के साथ हुआ, जिससे सभी के मन में गौरव और एकता की भावना जागृत हुई। मौके पर केन्द्र के प्रबंधक साहिल विश्वकर्मा, शिक्षकगण एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों सहित गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** 15 अगस्त को "आजादी के अमृतकाल" महोत्सव के रूप में 79 वीं स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्र के सभी विद्यालयों,विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, स्थानीय पुलिस थाना एवं सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया और तिरंगा को सलामी दी गई। वहीं देश के वीर शहीद जवानों को एवं स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण का समय अलग अलग निर्धारित किया गया था। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रातः 8:30 बजे माननीय प्रखण्ड प्रमुख मीना देवी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस कार्यक्रम में जिला



परिषद सदस्य उत्तरी विजयलक्ष्मी कुमारी,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, अंचल अधिकारी अशोक बड़ाइक, संत तुलसी दास प्लस टू विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक पीताम्बर झा थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गंगा उरांव, छात्र छात्राओं सहित स्थानीय समुदाय के गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया।

## रायडीह प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**रायडीह (गुमला)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर रायडीह प्रखंड के सरकारी-गैरसरकारी संस्थानों, विद्यालयों और गाँव-गाँव में देशभक्ति का जज्बा दिखाई दिया। थाना परिसर में प्रभारी संदीप कुमार यादव ने ध्वजारोहण कर शहीदों को नमन किया। प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख श्रीमती ममता सोरेंग ने तिरंगा फहराकर देशहित में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रधान हांसदाक ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

# गुमला में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** आजादी के 79वें वर्षगांठ पर गुमला जिला देशभक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में भव्य रूप से आयोजित हुआ, जिसमें झारखंड सरकार के मंत्री श्री चमरा लिंडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंत्री ने परेड की सलामी लेते हुए तिरंगा फहराया और अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन किया। उन्होंने परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का, जतरा टाना भगत, तेलंगा



खड़िया और बख्तर साय जैसे वीर सपूतों की गाथाओं को याद करते हुए नई पीढ़ी से शिक्षा, खेल और तकनीक के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।
मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 300 बच्चों को IIT जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भेजने का लक्ष्य रखा गया है। बच्चों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने हेतु इंग्लैंड भेजने की भी तैयारी चल रही है। उन्होंने बालिकाओं की खेलों में बढ़ती भागीदारी पर संतोष जताया और जिले के खिलाड़ियों की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। जिला प्रशासन की ओर से अनेक विकास कार्यों और उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। वनाधिकार योजना के तहत 81 दावों की स्वीकृति और 17,497 एकड़ भूमि का चनपटा। पीएम जनमान अभियान के तहत पीवीटीजी बहुल 13 गांवों में बहुउद्देश्यीय केंद्र स्थापित। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजन को पेंशन का लाभ। पोषण अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों को रागी लड्डू का वितरण। दिव्यांगजन कल्याण में 39 लोगों को बैटरी चालित रिक्शा और 270 को सहायक उपकरण। जिले के विद्यालयों में निःशुल्क पोशाक, पुस्तकें और किट वितरित की गईं। मैट्रिक में 87.74% परिणाम और इंटर में शानदार सफलता हासिल हुई।

# भरनो प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर भरनो प्रखंड का माहौल देशभक्ति से सराबोर रहा। प्रखंड के सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों, विद्यालयों, थाना परिसरों, पंचायत भवनों व बैंकों में शान से तिरंगा फहराया गया। निर्धारित समय पर सबसे पहले प्रखंड परिसर में प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव ने ध्वजारोहण किया। बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने बीआरसी कार्यालय व कस्तूरबा गांधी विद्यालय में, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने भरनो



थाना में तथा आशीष केशरी ने करंज थाना में तिरंगा फहराया। इसी तरह विभिन्न विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्र, भाजपा मंडल कार्यालय, पंचायत भवनों और बैंकों में भी ध्वजारोहण हुआ। प्रखंड मुख्यालय में कई स्कूलों ने झांकी निकाली। छात्र-छात्राओं ने भारत माता का रूप धारण कर तिरंगा लहराते हुए "भारत माता की जय" के नारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनमें विशेष उत्साह देखा गया।
इस मौके पर अधिकारियों, कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## न्यूज बॉक्स

### गुमला रांची एनएच फोरलेन बाईपास में खुला अत्याधुनिक सुविधा युक्त "अंकू ढाबा"



**सिसई (गुमला)।** सिसई के ग्राम पोटरो गुमला रांची एनएच 23 फोरलेन बाईपास में बूढ़ा महादेव के समीप अंकू ढाबा खोला गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह में अतिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, वार्ड सदस्य रीता देवी, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के संरक्षक मुकेश श्रीवास्तव डेविड, रोहित शर्मा, समाज सेवी डॉ कुमार एवं जनार्दन साहु शामिल हुए। ढाबा के संचालक बजरंग साहु ने ग्राहकों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह ढाबा अत्याधुनिक सुविधा युक्त है संचालक ने कहा कि असहाय राहगीर व भिक्षाटन मांगने वालों को हमारे ढाबा में मुफ्त भोजन कराया जाएगा। मौके पर सोनू साहु, नागेंद्र साहु, धनेश्वर साहु, ओमप्रकाश साहु, तरुण साहु, आलोक साहु, आनंद साहु, लालू साहु, इंदु देवी, संतोषी देवी, पुष्पा देवी, जानकी देवी, सालों देवी, अंजू देवी, इंद्राणी देवी, विधवानी कुमारी, संपति देवी सहित भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

### दुष्कर्म के आरोप में तीन गिरफ्तार

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र में एक 11 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नाबालिग के आरोप के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।पीड़िता के अनुसार, तीनों युवकों ने उसे घर छोड़ने का झांसा दिया और फिर बहला-फुसलाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक छापामारी दल का गठन किया, जिसमें थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई अशोक कुमार, एएसआई निर्मल रॉय और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। टीम ने फुर्ती दिखाते हुए तीनों आरोपियों, जिनकी पहचान रूपेश कुजूर 25, संदीप पासवान 30, और चेतन पासवान 25 के रूप में हुई है, को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उन्हें जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस घटना ने पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल बना दिया है।

### चैनपुर में शान से लहराया तिरंगा, 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई।मुख्य समारोह अनुमंडल कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां सुबह 8:30 बजे अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद, प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर, थाना परिसर में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, और बैंक ऑफ इंडिया में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक संदीप कुमार ने तिरंगा फहराया।वन कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सभी पंचायत भवनों, शिक्षण संस्थानों और अन्य सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान, "वंदे मातरम" और "भारत माता की जय" के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली और देशभक्ति के गीत गाए। विभिन्न स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने नृत्य, भाषण और नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।दोपहर में, बरवे और थाना मैदान में एक फुटबॉल फाइनल मैच खेला गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। पूरे प्रखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस का यह पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि



**चैनपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद, दिशोम गुरु शिबू सोरेन, और राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित गरिमा केंद्र में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान, उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी।इस शोक सभा में जिले के कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इनमें जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया मधुरा मिंज, चैनपुर की उप मुखिया तेरेसा लकड़ा, किसन टाना और भगत, जेएसएलपीएस की दीदीयां, नीलम खलखो, इंदु बरवा, और सरोज देवी शामिल थीं। इन सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति जताई।जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा, "दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने झारखंड के लोगों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनका जाना राज्य और समाज के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है।" उन्होंने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन को भी राज्य के लिए एक बड़ी हानि बताया।

### नागपुरी सांस्कृतिक सामाजिक विकास केंद्र में ध्वजारोहण व देशभक्ति कार्यक्रम

**पालकोट (गुमला)।** स्वतंत्रता दिवस पर पालकोट स्थित नागपुरी सांस्कृतिक सामाजिक विकास केंद्र में केंद्रीय अध्यक्ष बी.बी. मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें कलाकारों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में देशप्रेम और एकता का संदेश देना रहा। मौके पर बड़ी संख्या में गायक, वादक और दर्शक उपस्थित थे।

### रसोइया संयोजिका संघ की बैठक अधिकार नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी

**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक रायडीह प्रखंड में जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरुआत शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर मौन रखकर की गई। बैठक में संयोजिकाओं ने आरोप लगाया कि गुमला जिले में उन्हें काम करने नहीं दिया जा रहा है और शिक्षक वर्ग उनके अधिकार वाले कार्यों का संचालन कर रहे हैं। संघ ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो डीएसी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में एलीस एका, सीमा टोप्पो, देवनती देवी, कमला उरांव, किरण केरकेटा, लुवरी देवी, सुलचनी देवी सहित कई संयोजिकाएं मौजूद थे।



राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के "संस्कार भोज" में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से शामिल आमजनों से कुशल क्षेम करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

# दिशोम गुरु को राजनाथ सिंह व संजय सेठ ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नेमरा में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी माता रूपी सोरेन, कल्पना सोरेन से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। वहीं कहा कि गुरुजी ने अपने कर्मों से जो सम्मान अर्जित किया है, वह हर झारखंडवासी के लिए गौरव की बात है।



## दिशोम गुरु के संस्कार भोज में सम्मिलित हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री



**रांची।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी शनिवार को नेमरा स्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक आवास पहुंचे। रेवंत रेड्डी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संस्कार भोज में सम्मिलित हुए। उन्होंने स्मृति शेष-गुरुजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा मुख्यमंत्री एवं उनके पारिवारिक सदस्यों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।







## दिशोम गुरु को रांची जिला ने दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** संपूर्ण रांची जिला दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्मृति में एकजुट हुआ। जिले के कोने-कोने में आयोजित श्रद्धांजलि सभाओं में हजारों लोगों ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। रांची जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के अंतर्गत संचालित 64 क्लस्टरों और सभी ग्राम संगठनों में सैकड़ों स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया। इन सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं, सामाजिक कार्यकतार्ओं, स्थानीय नेताओं और आम नागरिकों ने हिस्सा लिया।

श्रद्धांजलि सभाओं में शामिल स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने एक स्वर में कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि गरीब, वंचित और आदिवासी समाज की आवाज थे। उनका जीवन सामाजिक न्याय, जल-जंगल-जमीन के संरक्षण और ग्रामीण उत्थान के लिए समर्पित रहा। दीदियों ने भावुक स्वर में कहा, ह्रराज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी का संघर्ष और त्याग हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने झारखंड के गठन के लिए अपना जीवन समर्पित किया और हर वर्ग के लोगों के हक की लड़ाई लड़ी। ग्रामीण स्तर पर गहरा जुड़ाव

ग्राम संगठनों और क्लस्टरों में आयोजित सभाओं में महिलाओं ने दिशोम गुरु के विचारों को याद करते हुए कहा कि उनके संदेश आज भी गांव की गलियों से लेकर राजधानी तक गूंजते हैं। उनकी सादगी, जनता के प्रति समर्पण और सामाजिक समानता के लिए किए गए प्रयासों ने उन्हें जन-जन का प्रिय नेता बनाया।

# राज्यपाल ने मंत्री रामदास सोरेन को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को झारखंड विधानसभा परिसर में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता तथा निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने कहा कि रामदास सोरेन का असामयिक निधन राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है।

राज्यपाल गंगवार ने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।



## डीसी ने रामदास के निधन पर जताया शोक, दी श्रद्धांजलि



**रांची।** उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री ने झारखंड विधानसभा परिसर में मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता तथा निबंधन विभाग रामदास सोरेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उपायुक्त ने अपने शोक संदेश में कहा कि रामदास सोरेन का असामयिक निधन झारखंड राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुखद घड़ी में धैर्य व शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## विस अध्यक्ष ने रामदास के निधन पर जताया शोक



**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने रामदास सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि उनके निधन के समाचार से काफी दुखी हूं। आज वे हमारे बीच नहीं रह। उनका असमय चले जाना हम सभी को स्तब्ध करता है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। उनके परिवार जनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं साथ ही उनके के चाहने वालों को इस विकट घड़ी में ईश्वर सहन शक्ति दें ।

## व्यवहार कुशल व मिलनसार व्यक्ति थे रामदास सोरेन : डॉ लंबोदर महतो

**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता तथा निबंधन मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन जहां राज्य व देश के लोग शोकाकुल व दुःखी हैं, वहीं रामदास सोरेन का भी हम सब के बीच से चला जाना अत्यंत दुखद घटना है। उनकानिधन राज्य के लिए बड़ी क्षति है। पूर्व विधायक ने कहा कि रामदास सोरेन व्यवहार कुशल व मिलनसार व्यक्ति थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने ईश्वर से दिवगंत आत्मा की शांति व परिजनों को ताकत प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## रामदास सोरेन को विधानसभा में दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** मंत्री रामदास सोरेन का 15 अगस्त को नई दिल्ली में निधन हुआ था। दिवंगत रामदास सोरेन के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए आज शनिवार को 10 बजे पूर्वाह्न में झारखंड विधानसभा लाया गया। जहां राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, मंत्री दीपक बिरूवा, शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद महुआ माझी, सांसद जोबा माझी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रधान सचिव वंदना दादेल, झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव माणिक लाल हेम्म एवं पदाधिकारियों कर्मियों तथा अन्य गणमान्य लोगों ने झारखंड विधानसभा में उनके पार्थिक शरीर का अंतिम दर्शन किया।

## पृष्ठ एक के शेष

**राहुल दुबे गिरोह के सात...**

पकड़े गए सभी अभियुक्तों के पास से मोबाईल फोन में विशेष ऐप इंस्टॉल पाया गया, जिसमें राहुल दुबे एवं गैंग के अन्य सदस्यों के बिच बातचीत के सबूत मिले हैं। पकड़ाये गए सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में से 5 के विरुद्ध पूर्व का अपराधिक इतिहास है।

**रामदास सोरेन का...**

उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार से पहले उनका पार्थिव शरीर साकची में जिला कार्यालय लाया गया। यहां उनके अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। राजनीतिक प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और आमलोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर घोड़ाबांधा स्थित उनके आवास लाया गया, जहां भी अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा।

रामदास सोरेन के बड़े बेटे सोमेश सोरेन ने अपने पिता के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से इस दुखद सूचना को साझा किया था। सोमेश ने लिखा, अत्यंत दुख के साथ यह बता रहा हूं कि मेरे पिता रामदास सोरेन अब हमारे बीच नहीं रहे। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने 'एक्स' हैंडल पर लिखा, मैं शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करें। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता रामदास सोरेन के निधन पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ऐसे छोड़कर नहीं जाना था रामदास दा..., अंतिम जोहार दादा।

मंत्री रामदास सोरेन के निधन से न सिर्फ उनके विधानसभा क्षेत्र घाटशिला, बल्कि पूरे झारखंड में शोक का माहौल है। रामदास सोरेन बीते दो अगस्त को अपने घोड़ाबांधा स्थित पैतृक आवास में बाथरूम में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि उन्हें ब्रेन हैमरेज हुआ था। घटना के तुरंत बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस के जरिए जमशेदपुर से दिल्ली के अपोलो अस्पताल ले जाया गया था। वहां उनकी हालत गंभीर बनी रही और चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। रामदास सोरेन झामुमो के वरिष्ठ नेताओं में से एक थे और घाटशिला विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे। उनके निधन से झामुमो को भी गहरा आघात पहुंचा है।

रामदास सोरेन के निधन पर कई नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन मुंडा ने 'एक्स' पोस्ट पर लिखा, झारखंड के शिक्षा मंत्री एवं घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन के निधन का अत्यंत ही दुखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। झारखंड विधानसभा परिसर में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर समेत कई मंत्री, विधायक और सांसदों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**लोग हमारे साथ...**

**अनेक अति विशिष्ट और विशिष्ट मेहमान हुए शामिल :** दिशोम गुरु के 'संस्कार भोज' में अनेक अति विशिष्ट एवं विशिष्ट मेहमानों के साथ लाखों की संख्या में आमलोग शामिल हुए। इनमें झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित कई मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, सांसद एवं पूर्व विधायक, पदाधिकारी तथा प्रबुद्धजन शामिल थे। सभी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने 'गुरुजी' के साथ अपने संबंधों, बिताए गए पलों तथा अनुभवों को साझा किया । उन्होंने कहा कि वे सिर्फ झारखंड हित की बातें करते थे। उनका इस तरह दुनिया को अलविदा कहना इस राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है।

**दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम...**

पूरा झारखंड उनके साथ खड़ा है और हम सब मिलकर गुरुजी के अधूरे सपनों को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वातावरण गमगीन रहा, लेकिन श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोगों ने इस बात पर एक स्वर में कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन सदैव दिलों में जीवित रहेंगे।



# ग्वालियर का 'गोपाल मंदिर', जहां राधा कृष्ण पहनते हैं करोड़ों के आभूषण...

**एजेंसी। ग्वालियर**

देशभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित गोपाल मंदिर बेहद आकर्षक तरीके से सजाया जाता है। महीनों से खास तैयारी चलती है तो ऐन जन्माष्टमी के मौके पर राधा कृष्ण का बेशकीमती आभूषणों से श्रृंगार किया जाता है। करोड़ों रुपए के हीरे जवाहरात उन्हें पहनाए जाते हैं। ये गहने साल में एक बार लॉकर से निकाल कर लाए जाते हैं। मंदिर के पुजारी सागर शर्मा ने आईएएनएस को बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर चौबीस घंटे खुला रहता है। इस मंदिर की प्रसिद्धि दूर-दूर तक है। जन्माष्टमी पर करोड़ों रुपए के गहनों से सजे राधा कृष्ण को देखने के लिए लोग साल भर इंतजार करते हैं।

बता दें कि जन्माष्टमी पर गोपाल मंदिर में राधा कृष्ण की मूर्ति को महंगे आभूषणों से सजाया जाता है, जिसके बाद वे इस खास दिन 24 घंटे भक्तों को दर्शन देते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए मंदिर पर कड़ा पहरा बैठाया जाता है। करीब डेढ़ सौ से ज्यादा सुरक्षाकर्मी मंदिर के गहनों और भक्तों की सुरक्षा के लिए तैनात रहते हैं। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की मदद से मंदिर और आसपास के परिसर में पुलिस की निगरानी रहती है।

### जन्माष्टमी पर रत्नजड़ित आभूषणों से राधा-कृष्ण का भव्य श्रृंगार

- **सिंधिया राजाओं ने राधा-कृष्ण के लिए बनवाए रत्नजड़ित स्वर्ण आभूषण**
- **मंदिर में स्थापित हैं भगवान राधा-कृष्ण की अद्भुत प्रतिमाएं**
- **श्रद्धालुओं के अनुसार, गहनों की कीमत लगभग 100 करोड़ रुपए**

गोपाल मंदिर की स्थापना 1921 में ग्वालियर रियासत के तत्कालीन शासक माधवराव सिंधिया प्रथम ने करवाई थी। सिंधिया राजाओं ने भगवान राधा-कृष्ण की पूजा के लिए चांदी के बर्तन और श्रृंगार के लिए रत्न जड़ित सोने के आभूषण बनवाए थे। मंदिर में भगवान राधा-कृष्ण की अद्भुत प्रतिमाएं हैं। एक श्रद्धालु ने बताया कि राधा कृष्ण पर सजाए जाने वाले इन गहनों की कीमत 100 करोड़ के करीब बताई जाती है। हीरे, मोती और पन्ना जैसे कीमती रत्नों से सुसज्जित भगवान के मुकुट और अन्य आभूषण बेशकीमती गहने सालभर बैंक के लॉकर में रहते हैं। जन्माष्टमी के दिन 24 घंटे के लिए इन गहनों को सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंदिर लाया जाता है और राधा-कृष्ण का श्रृंगार किया जाता है। भगवान 24 घंटे तक ये जेवर पहनकर भक्तों को दर्शन देते हैं। शहर के महापौर दिन के ठीक 12 बजे गहनों से राधा कृष्ण का श्रृंगार कर महाआरती करते हैं।

**किश्तवाड़ त्रासदी पर बोले सीएम उमर अब्दुल्ला**

## 70 से अधिक लापता, राहत-बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी

**एजेंसी। किश्तवाड़**



- **राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी :** एसडीआरएफ-एनडीआरएफ तैनात
- घायलों को जम्मू अस्पताल में कराया गया भर्ती

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में गुरुवार को बादल फटने की घटना से भीषण त्रासदी हुई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को इस त्रासदी से प्रभावित इलाकों का दौरा किया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने इस आपदा में हुई जनहानि और नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि सरकार इस कठिन घड़ी में पूरी मजबूती से लोगों के साथ खड़ी है।

मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम उमर अब्दुल्ला ने हालात को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि हम कई कीमती जिंदगियां खो चुके हैं। करीब 55 लोगों की मौत हो चुकी है और 100 से ज्यादा लोग जख्मी हैं। इनमें से कुछ गंभीर घायलों को जम्मू अस्पताल शिफ्ट किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। लगभग 70 से 80 लोग अब भी लापता हैं और उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। ये संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि जब वह प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कर लौट रहे थे, तभी रास्ते में एक शव भी बरामद हुआ, जो बादल फटने की वजह से बह गया था। सीएम ने कहा कि प्रशासन की पूरी कोशिश है कि लापता लोगों की तलाश तेज़ी से की जाए और उसके बाद उनके पुनर्वास का कार्य शुरू किया जाए। सरकार ने राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। सीएम उमर अब्दुल्ला ने आगे कहा कि जान की कीमत कोई नहीं लगा सकता, लेकिन प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता दी जाएगी। कई घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं और उन तक भी राहत पहुंचाने का काम जारी है। अभी नुकसान का पूरा आकलन संभव नहीं है, लेकिन हमारी प्राथमिकता लोगों की जान बचाना है। बता दें कि किश्तवाड़ के चिशोती इलाके में गुरुवार को बादल फटने के बाद अचानक बाढ़ आ गई। उस जगह पर यह घटना हुई, जहां श्री मचैल यात्रा के लिए चार पहिया वाहन खड़े होते हैं और कई अस्थायी दुकानें लगी हुई हैं। एडीसी किश्तवाड़ के अनुसार, श्री मचैल यात्रा अगली सूचना तक स्थगित कर दी गई है। स्थानीय पुलिस-प्रशासन के अलावा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियां बड़े पैमाने पर राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं।

**अमेरिका की टैरिफ धमकियों पर पीएम मोदी का स्पष्ट संदेश**

# किसान के हितों से कभी समझौता नहीं

- **किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को बताया सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता**
- **अमेरिका के 50% टैरिफ के बावजूद भारत अपने रुख पर कायम**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी टैरिफ की धमकी के बीच दुनिया को एक स्पष्ट संदेश दिया कि वह किसानों की ढाल बनकर खड़े हैं और भारत उनके हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के किसान, पशुपालक और मछुआरे हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं। उन्होंने अपने संबोधन के इस हिस्से को एक संकल्प के साथ समाप्त किया। अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा, "भारत के किसानों, पशु-पालकों और मछुआरों से जुड़ी किसी भी अहितकारी नीति के आगे मोदी दीवार बनकर खड़ा है। भारत अपने किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा।"पीएम नरेंद्र मोदी के इस भाषण को अमेरिका को एक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है, जिसने हाल ही में भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया। अमेरिका भारत के कृषि और डेयरी क्षेत्र में अपनी पहुंच बनाने की कोशिश के तहत ट्रेड डील पर आगे बढ़ना चाहता था। हालांकि, भारत ने इस डील से स्पष्ट तौर पर इनकार कर दिया। इससे बौखलाए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। अमेरिका की इस टैरिफ धमकी के बावजूद भारत अभी भी अपने फैसले पर अडिग है।

### पीएम ने किसानों को राष्ट्र की रीढ़ बताया



प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के किसानों को एक भावनात्मक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए निर्भरता से आत्मनिर्भरता तक राष्ट्र की यात्रा का आधार कहा है। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे औपनिवेशिक शासन ने देश को गरीब बना दिया था, लेकिन यह किसानों के अथक प्रयासों ने ही भारत के अन्न भंडार भरे और राष्ट्र की खाद्य संप्रभुता को सुरक्षित किया।अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि भारत के विकास की आधारशिला है। भारत आज दूध, दाल और जूट उत्पादन में विश्व में नंबर 1 है, जबकि चावल, गेहूं, कपास, फल और स जियों के उत्पादन में नंबर 2 स्थान पर है। भारत के कृषि निर्यात 4 लाख करोड़ का आंकड़ा पार कर चुके हैं, जो वैश्विक प्रतिस्पर्धा में देश की मजबूती को दर्शाता है। उन्होंने घोषणा की, "किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के लिए मोदी हमेशा सुरक्षा की दीवार के रूप में खड़े रहेंगे।"प्रधानमंत्री मोदी ने किसान की ताकत की प्रशंसा की और कहा कि चाहे छोटे किसान, पशुपालक, या मछुआरे, सभी को कई विकास योजनाओं से लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा, "पीएम किसान सम्मान निधि, वर्षा जल संचयन, सिंचाई परियोजनाएं, गुणवत्तापूर्ण बीज वितरण और समय पर उर्वरक आपूर्ति जैसी पहलों ने मिलकर देशभर में किसानों का विश्वास बढ़ाया है।"

### जेट इंजन से सुदर्शन चक्र मिशन तक, 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है। भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप बनाने से लेकर जेट इंजन बनाने तक, 10 गुना परमाणु विस्तार से लेकर 1 लाख करोड़ रुपए के युवा रोजगार प्रोत्साहन तक, उनका संदेश स्पष्ट था कि भारत अपना भाग्य स्वयं निर्धारित करेगा, अपनी शर्तें स्वयं निर्धारित करेगा और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखेगा। 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन को 'विकसित भारत' के प्रमुख आधारभूत सिद्धांतों में से एक बताया। इस दौरान उन्होंने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विनिर्माण के क्षेत्र में भारत की प्रगति के कई उदाहरण दिए। प्रधानमंत्री मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता का एक उदाहरण बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में निर्मित हथियारों समेत स्वदेशी क्षमताएं भारत को निर्णायक और स्वतंत्र रूप से कार्य करने में सक्षम बनाती हैं, जिससे यह साबित होता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा विदेशी निर्भरता पर निर्भर नहीं रह सकती। उन्होंने भारतीय नवप्रवर्तकों और युवाओं से भारत में ही जेट इंजन विकसित करने का आग्रह किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भविष्य की रक्षा तकनीक पूरी तरह से स्वदेशी और आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि भारत 2025 के अंत तक भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप्स लॉन्च करेगा, जो महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। उन्होंने वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए एआई, साइबर सुरक्षा, डीप-टेक और ऑपरेटिंग सिस्टम में इनोवेशन पर जोर दिया।

### 'खेलो भारत नीति' से जुड़ी सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना हमारा लक्ष्यः पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से देश को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार ऐसा ईको सिस्टम विकसित करना चाहती है कि स्पोर्ट्स से जुड़े हर तरह के साधन बनाए जा सकें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "एक जमाना था, जब बच्चे खेल में मन लगाते थे तो मां-बाप इसे पसंद नहीं करते थे। अब इसका ठीक उलटा हो गया है। आज बच्चे खेल कूद में आगे बढ़ते हैं, तो मां-बाप गर्व करते हैं। मैं इसे शुभ संकेत मानता हूं। देश के परिवार के अंदर खेल को प्रोत्साहन देने के वातावरण को देख मेरा मन गर्व से भर जाता है। यह देश के भविष्य के लिए शुभ संकेत है।"पीएम मोदी ने कहा, "खेल को बढ़ावा देने के लिए हम नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी और 'खेलो भारत नीति' लाए हैं। हमारा प्रयास खेल क्षेत्र के समग्र विकास का है। स्कूल से लेकर ओलंपिक तक हम खेल का एक पूरा ईकोसिस्टम तैयार करना चाहते हैं, जहां कोचिंग, फिटनेस की व्यवस्था हो, और खेल से जुड़े आवश्यक साधन हों। लघु-उद्योग को भी हम खेल संसाधन बनाने में मदद कर रहे हैं। हम ऐसा ईकोसिस्टम बनाना चाहते हैं, जिसकी पहुंच देश के गांव-गांव तक हो।"बता दें, खेलो भारत नीति 2025 का उद्देश्य देश के खेल परिदृश्य को नया रूप देना और खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाना है। यह पहल जमीनी स्तर से लेकर उच्च स्तर तक खेल कार्यक्रमों को मजबूत करने पर केंद्रित है। इसके तहत प्रतिभाओं की पहचान, प्रतिस्पर्धी लीग और प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए तंत्र का विकास करना शामिल है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

